संपादकीय

बहुत अंतराल के बाद अब हम अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की पत्रिका महासभा समाचार से मिल रहे हैं। वर्ष २००५ से २०११ तक काफी अंक प्रकाशित हुए। परंतु वर्ष २०११ के बाद बहुत अल्प अंक प्रकाशित हुए, जो कि न के बराबर हैं। इसके कई कारण हैं एक तो आर्थिक कारण, महासभा समाचार के सभासद गण नियमित रूप से आर्थिक सहकार्य नही करते, साथ ही सामग्री प्रकाशन के लिए महासभा समाचार कई बार आवाहन करणे के बाद भी अंक के प्रकाशन के लिए प्रकाशकीय सामग्री भेजी नही जाती। कई बार आवाहन करने के बाद भी अंक के प्रकाशन के लिए प्रकाशकीय सामग्री भेजी नही जाती। कई बार फोन भी करते हैं, परंतु हाँ कहा जाता लेकनी सकारात्मक उत्तर नही मिलता न सामग्री इसलिए भी महासभा समाचार के प्रकाशन में व्यवधान पैदा होते हैं। यह सही हैं कि अकेला चना भाड नही फोड सकता सबका साथ और सहयोग रहा तो ही बात आगे बढ सकती हैं. जो भी हो यह महासभा समाचार पत्रिका का अंक आप के करकमलों में प्रदान करते हुए बहुत हर्ष हो रहा हैं।

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के अध्यक्ष आदरणीय जयदत्तजी क्षीरसागर महाराष्ट्र सरकार में कॅबिनेट मंत्री होने के बावजूत वे कई कार्यक्रमों में सम्मिलित भी हुए। तथा उनकी प्रेरणा से देश में कई सामाजिक कार्यक्रम भी सम्पन्न हुए। मुख्य रूप से लोकसभा तथा विज्ञान सभा के चुनाव में महासभा का काफी सहयोग रहा हैं। कार्यकर्ताओं को तिकिट दिलाना और उन्हें चुनकर लाने में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही हैं। अदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी को चुनकर लाने के साथ-साथ वे प्रधानमंत्री बने इसके लिए सबने बहुत प्रयास किया हैं, वे हमारे समाज के भुषण हैं।

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जो सपनें हैं, उन्हें पुरा करने के लिए सबने एकत्रित होकर प्रयास करना चाहिए, अभी हमको बहुत दूर जाना हैं। तैलिक साहू समाज के छोटे से छोटे तबके तक हमें पहूँचना हैं, बगैर दहेज की शादी हो, हर साहू समाज युवा को नौकरी मिलें, यह भी हमें रूप्रयास करणा चाहिए। अभी जो महासभा के चुनाव हो रहें हैं, वे भी शांतीपूर्वक हो और विकास की और ले जानेवाले को हम शक्ति प्रदान करें।

हम यह जानते हैं कि भूत काल में हमारा समाज भौतिक सम्पदा और आध्यात्मिक क्षमता दोनों दृष्टी से सहमत था। आगे समाजगत भेद भाव औंर तेल उद्योग यंत्रीकरण से हमारा मनोबल गीर गया। औरों की तुलना में हम पिछडे, फिर से विलूप्त गौरव को रूहजने का सुअवसर दिया, क्योकि हमारे पास शक्ति और बल हैं। शिक्षा, सेवा और संघटन इस त्रिसूत्र से हम पुन्हः शिखर पर पहूँच सकते हैं। हमें आवश्यकता है उर्जा, प्रश्न और कर्मव्यता के साथ लक्ष्य तक पहुँचने की हम जान से ही इसका प्रारंभ करें।



प्राचार्य डॉ.हनुमंत रणखांब

राष्ट्रीय अध्यक्ष का मंतव्य

अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के सभी नेतागण, कार्यकारिणी के सदस्य, पदाधिकारी तथा समाज के तमाम भाईयों तथा बहनों।

आप सब लोगों ने मुझे दो बार अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुन कर दिया है, इसके लिए मैं ऱ्हदय से समाज के तमाम लोगों का आभार व्यक्त करता हूँ। और चुन कर दिये हुये, दोनो का कार्यकाल मैं ने पूरा किया। इस दोनों में मुझ में जितनी क्षमता थी, उतनी समाज के कार्य के लिए लगाई।

समाज के महान संघटक स्व.दीन बंधु साहूजी, श्री.शांताराम पोटदुखेजी, मेरी माता, स्व.केशरबाई क्षीरसागर उर्फ काकू आदि ने जो महासभा का उद्देश रखा, उसे पूरा करने का मैंने भरसक प्रयास किया और कर रहा हूँ। समाज में कार्यरत जो विविध संघटन हैं, उन्हें एकत्रित करने के लिए प्रयास किया। हमारे जाती को अतिपिछडा वर्ग मे समाविष्ठ करने हेतू कै.थानु के आग्रह कारण समिति गठित की थी। उनकी बैठकें भी हुई। परंतु दुर्देव से थाणुजी का निधन हुआ। आगे का काम हमे करना हैं।

समाज के कार्यकर्ताओं को लोकसभा का तिकिट मिलने के लिए भी महासभा ने बहुत प्रयास किया। लोकसभा के पहले आदरणीय नरेन्द्र मोदीजी प्रधानमंत्री हो, एसलिए भी हम प्रयत्नशिल थे। सूरत में इसके लिए अखिल भारतीय स्तर का सम्मेलन भी लिया। अतिरिक्त महासचिव डॉ.अरूण भस्मे ने महासभा की ओर से उस सम्मेलन में नरेन्द्र मोदी तथा अपने समाज के सभी उम्मीदवारों को चुनकर लाने का प्रस्ताव रखा था, और साहू समाज के लोगो ने नरेन्द्र मोदीजी को मतदान करने का आवाहन किया था।

और इसका ही परिणाम है कि समाज के भुषण श्री.नरेन्द्र मोदीजी प्रधान मंत्री बने और समाज के ७ संसद सदस्य भी बनें। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री.नरेन्द्र मोदी को मेल भेज कर समय मांगा था, लेकिन उनका समय हमें नही मिल सका। विशेष यह कि पिछले विधानसभा के जो इलेक्शन हुए थे, उन चुनावों में भी हम महासभा की और से अलग अलग पार्टिया के नेताओं को मिलकर समाज कार्यकर्ताओं को MLA के टिकिट के लिए सिफारिश की थी। तथा उनमें से बहुत से कार्यकर्ता चुनकर भी आये हैं। उन सभी का अभिनंदन करता हूँ।

खुशी की बात यह है की झारखंड के पुर्व उपमुख्यमंत्री श्री.रघुवरदास जो अपने साहू समाज से है, वे झारखंड के मुख्यमंत्री बने। उनका भी हम हार्दिक अभिनंदन करते हैं।

अब नये अध्यक्ष का चुनाव १७ मई को होना हैं. यह किसनगड की बैठक में ही तय हुआ था. और उसी बैठक के अनुसार १७ मई २०१५ यह तारिख तय हुई हैं। यह चुनाव की बैठक महाराष्ट्र में न लेकर, अन्य राज्यों में लेने की बात को ध्यान मे रखते हुये गोवा राज्य में बैठक लेने का महासभा को निमंत्रण आया और सुविधा के अनुसार बैठक गोवा में लेने का तय हो गया। विशेष बात यह कि महासभा का संविधान बदल ने के सम्बध में एक समिति गठित की थी। उसमें अध्यक्ष का कार्यकाल २ वर्ष तथा साथ ही वे निरन्तर २ वक्त रहेंगा, ऐसा संशोधन किया था। परंतु संविधान समिति की कार्यकारणी ने अध्यक्ष का कार्यकाल ३ वर्ष का करना तथा निरन्तर २ बार उम्मीदवार के रूप में खडे रहने का प्रावधान किया था, परंतु कालिकत में महासभा की सामान्य सभा में अध्यक्ष दो बार उम्मीदवार के रूप मे खडे रहने का प्रावधान नामंजुर कर दिया और समिक्षा समिति तथा कार्यकारिणी समिति तथा संशोधीत कलम को हटाया गया। इसलिये सुधारित संविधान में महासभा का नाम तथा अन्य प्रावधानों में संशोधन सहित नई दिल्ली के रजिस्ट्री ऑफीस में मार्च २०११ में प्रस्ताव दाखिल किया हैं। संविधान संशोधन सम्बन्ध में सभी की पूर्तता हमने की हैं। परंतु अभी तक दिल्ली के रजिस्ट्री ऑफिस से कुछ भी नहीं आया।

सामान्य सभा में जो निर्णय लिया था, उसका

सम्मान करते हुये एम चुनाव ले रहे हैं। चुनाव में हमारे संशोधित संविधान के सभी नियमों का पालन किया हैं।

संविधान के अनुसार मुख्य तथा सहाय्यक चुनाव अधिकारी की नियुक्ती संविधान के प्रावधान के अधिन की हैं। साथ ही चुनाव संबंधी का पत्र महासभा के सदस्यो को भेज दिया हैं। इस सम्बन्ध में सूचना दिल्ली के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगा दी है। इस सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप न आने से अंतरिम सूची (Final list) मुख्य चूनाव अधिकारी को सौंप दी गयी हैं। साथ ही देश में जो साहू समाज की पत्रिकाएं हैं। उनमें भी चुनाव के सम्बन्ध में नोटिस प्रसिद्धी के लिए भेज दी हैं। समाचार पत्रों में भी इन्हें छपवाया हैं तथा महासभा के वेबसाईटपर उपलब्ध है ।

गोवा में १७ मई २०१५ को होने वालें चुनाव में सभी ने एक मत से नये अध्यक्ष को चुनकर देना हैं। एक मतसे चुन कर देने से समाज में मतभेद निर्माण नहीं होंगे।

अब समय आया है सबका आभार व्यक्त करते का। आप सब ने मुझे दो बार जो चुनकर दिया है, इसके लिय देश के सभी साहू समाज का मैं आभारी हूँ। मै अभी भी आप सब की सेवा करने के लिए तैयार हूँ। मैने प्रण लिया है, देश के साहू समाज की सेवा करने का। मुझे इस बात का खेद होता है कि महाराष्ट्र सरकार में मैं कॅबिनेट मंत्री होने के नाते कभी कभी समाज के लिए समय दे नहीं सका। यह मेरी मजबुरी थी। इतना सब कुछ होते हुए भी हमने इस कार्यकाल में शताब्दि समारोह के साथ साथ देश के विभिन्न राज्यो में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। मैं जहाँ जहाँ भी हो सका, फिर वह राजिम माता का कार्यक्रम हो, संताजी महाराज का डाक टिकट का कार्यक्रम हो, या वधु-वर परिचय सम्मेलन हो, या सामुहिक विवाह कार्यक्रम हो, या अन्य कोई कार्यक्रम हो, या अन्य कोई कार्यक्रम हो, मैं वहाँ उपस्थित हो गया।

मेरे अध्यक्ष के कार्यकाल में मेरी स्व. माता तथा अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज की अध्यक्षा सौ.केशरबाई क्षीरसागर उर्फ काकू की प्रेरणा मुझे निरंतर रही हैं। उन्हीं की प्रेरणासे मैं चलता हूँ। महासभा के तत्कालिन कार्यवाहक अध्यक्ष स्व.ए.सी.थानु, स्व.रामचन्द्र प्रसाद, उपाध्यक्ष स्व.एन.एस.चौधरी, स्व.अरविंद गोदीवाला, स्व.पी.एन.विद्यार्थी, स्व.दीनानाथ साहू आदि ने मुझे बहुत सहकार्य किया है।

साथ ही मेरे पहले कार्यकाल में महामंत्री के रूपमें श्री.हिरालाल साहू, कोषाध्यक्ष श्री.टी.सी.चौधरी तथा दुसरे कार्यकाल में महामंत्री के रूप में, डॉ.प्रकाश सेठ, कोषाध्यक्ष श्री.कृष्णराव हिंगणकर जिन्होंने अच्छा काम किया। उनके कार्य की मैं सराहना करता हूँ। डॉ.अरूण भस्मे मेरी माताजी के कार्यकाल से अब तक अतिरिक्त महामंत्री का कार्य कर रहे हैं। युवा अध्यक्ष के रूपमें श्री.आनंदकुमार रहे हैं। वर्तमान युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी रिपूसुदन तथा ममता साहू महिला प्रकोष्ठ की प्रमुख के रूपमें कार्य कर रही है। ज्येष्ठ कार्यवाहक अध्यक्ष श्री.कृपाराम साहू, श्री.निलमणी साहू, श्री.आर.एल.गुप्ता, आक्षय भई, श्री. रवी गोराई, श्री.बटनलाल साहू, श्री.धर्मराज रेवतकर, श्री.ब्रम्हानंद गुप्ता, इन्होंने भी महासभा को आगे बढाने के लिए कष्ठ उठाया हैं। महासभा समाचार के प्रधान संपादक प्राचार्य हनुमंत रणखांब तथा डॉक्टर प्रकोष्ठ के लिय डॉ. सोन पी.एस. इन सभी ने महासभा में नई दीप्ती लाने का प्रयास किया है। पुन्हः में सब का आभार व्यक्त करता हूँ। और महासभा की उन्नति के लिए आप मुझे सहयोग देंगे यह कामना करता हूँ।

धन्यवाद ।

जय हिंद
जय संताजी।
जय कर्मामाता ।



- जयदत्त क्षीरसागर

महासचिव का प्रगति प्रतिवेदन

१. दिनांक २१ नवम्बर २००९ को पूना महाराष्ट्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव संपन्न हुए थे। इस चुनाव में मुख्य चुनाव अधिकारी स्व.माननीय रामचंद्रजी प्रसाद (बिहार) थे एवं उपचुनाव अधिकारी श्री पी.रघुनाथ (कर्नाटक) एवं डॉ. प्रकाश सेठ (म.प्र.) थे।

२. राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक जो सुबह ११ बजे से १२ बजे तक आयोजीत थी में मुख्य चुनाव अधिकारी ने अवगत कराया, आज सुबह १० बजे तक निर्धारित अवधि में एक नामिनेशन फार्म राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए माननीय जयदत्तजी क्षीरसागर का प्राप्त हुआ है। मुख्य चुनाव अधिकारी ने उन्हें निर्वाचित घोषित कर दिया। जिसका राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी/ सदस्यगणों ने अनुमोदन किया।

३. राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बैठक के उपरांत दोपहर तीन बजे सामान्य सभा की बैठक आयोजीत की गयी, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर राष्ट्रीय कार्य समिति द्वारा माननीय जयदत्तजी क्षीरसागर के निर्वाचन का अनुमोदन किया गया है। सामान्य सभा ने भी सर्व सम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जयदत्तजी क्षीरसागर का अनुमोदन किया।

४. माननीय जयदत्तजी क्षीरसागर के पत्र क्रमांक ७ जनवरी २०१० के द्वारा डॉ.प्रकाश सेठ को राष्ट्रीय महासचिव मनानीत किया गया।

५. राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार पत्र क्रमांक २ दिनांक ४/०३/२०१० के द्वारा राष्ट्रीय पदाधिकारियों का मनोनयम कर पत्र जारी किए गए।

६. राष्ट्रीय अध्यक्ष के १४ सूत्रीय कार्यक्रम की पुस्तिका प्रकाशित कर प्रत्येक प्रदेश के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों को भेजकर उन्हें क्रियान्वित करें, उनकी सतत समीक्षा करे, अनुरोध किया गया था।

७. प्रत्येक प्रदेश अध्यक्ष से राष्ट्रीय कार्यकारिणी के १० सदस्य एवं १० विशेष आमंत्रित सदस्य की सूची भेजने का अनुरोध पत्र भेजा गया।

८. प्रत्येक प्रदेश अध्यक्ष को २१ नवम्बर २००९ तक के आजीवन सदस्यों की सूची भेजकर उनमें से जिनका स्वर्गवास हो गया है कि जानकारी प्राप्त कर उस सूची को अद्यतन सूची बनायी गयी।

९. जो आजीवन सदस्य/ संरक्षक सदस्य बनना चाहें पत्र लिखकर कार्यवाही शुरू की गयी थी। दिनांक ११ मार्च २०१०, १७ मार्च २०१५ तक के सदस्यों का रिकार्ड लाइफ मेम्बर (एल.एम.-१ टु एल.एम.१०६६) तक का रखा गया है। संबंधितों को प्रमाण-पत्र एवं पहचान पत्र भी उपलब्ध कराये गए है।

१०.प्रत्येक प्रादेशिक संगठन राष्ट्रीय संगठन से संबद्धता प्राप्त करें, अपना संविधान उपलब्ध करायें मार्च २०१० में सब प्रदेशों को पत्र लिख गए थे।

११. सभी राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्षों को मार्च २०१० में पत्र लिखकर उनके जोन के कार्य क्षेत्रों के प्रदेशों को सक्रिय करने एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में वस्तु-स्थिती प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था।

१२. राष्ट्रीय कार्यकारिणी की प्रथम बैठक ११ अप्रैल २०१० को नागपुर में आयोजित हुई थी, उसके उपरांत दिनांक १९ फरवरी २०१५ तक कुल ११ एनईसी की बैठक एवं २ सामान्य सभी की बैठक आयोजित हुई हैं, जिनके विवरण निम्नलिखित हैं.

एनईसी की बैठकों में पारित प्रस्ताव/ समीक्षा

प्रथम बैठक- दिनांक ११ अप्रैल २०१० नागपुर

NEC/ GBM Organise During 2010-2015

S.No.	Date	place/ state	No.of state participate
1.	11.04.2010/1st NEC	Nagpur/Maharashtra	16 States
2.	12.09.2010/2nd NEC	jodhpur/ Rajasthan	13 States
3.	10.12.2010/3rd NEC	Calicut/ Kerala	11 States
4.	11.12.2010/ 1st GBM	Calicut/ Kerala	11 States
5.	12.06.2011/ 5th NEC	Bangalore/ Karnatka	13 States
6.	08.10.2011/ 5th NEC	Udaipur/ Rajasthan	10 States
7.	28.12.2011/ 6th NEC	Beed/ Maharashtra	15 States
8.	29.12.2011/ 2nd GBM	Beed/ Maharashtra	15 States
9.	25.03.2012/ 7th NEC	New Delhi/ Delhi	14 States
10.	27.11.2012/ 8th NEC	Shirdi/ Maharashtra	12 States
11.	07.04.2013/ 9th NEC	Raipur/ Chattisgarh	11 States
12.	20.01.2014/ 10th NEC	Bhilwara/ Rajasthan	13 States
13.	19.02.2015/ 11 th NEC	Kishangarh/ Rajasthan	12 States

(महाराष्ट्र)

* Nomination of NEC office bearers and members.
* The bank account by Name of ABTSM in Canara Bank Delhi in which singing authority will change and give NEC to Hon. Jaidutta Kshirsagar (President), Dr. Prakash Seth (Gen. Secretary) and K.R. Hingenker (Treasurer). Transaction will be by Two signature but signature of treasurer. Is essential.
* Budget for the year 2010-11 passed.
*In those state state level organization are not exist Hon. President Authorize to constitue adhocbody to organize election by Lok Tantric padathi Within 9 months time.
*Develop website of ABTSM.
* All NEC office bearers/ memberes compulsorily become life member.
* Give Representation letter to Govt. of India and National President of different Political party to consider Population counting as per OBC Criteria.

द्वितीय बैठक- दिनांक १२ सितंबर २०१० जोधपुर (राजस्थान)

*प्रत्येक प्रदेश के द्वारा भेजे जानेवाली एन.ई.सी. की सूची में कम से कम २ महिला सदस्य हों ऐसे ही १० विशेष आमंत्रित सदस्यों की जो सूची भेजी जाती है उसमें भी २ महिला सदस्य हों।

* प्रत्येक प्रदेश के विधायक, सांसद एवं मंत्री को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में बुलाया जावे। परंतु वे भी संस्था के आजीवन सदस्य बनें आवश्यक होगा।

* जनवरी २०११ से दिसम्बर २०११ तक शताब्दी वर्ष मनाया जावे, प्रत्येक प्रदेश अपने प्रदेश में एक बडा कार्यक्रम करेगा एवं शताब्दी वर्ष आयोजन का उल्लेख जरूर होगा। शताब्दी वर्ष में जो पिन निर्धारित हो उसे राष्ट्रीय पदाधिकारी/ सदस्यों, आजीवन सदस्यों को जो कीमत आयेगी उसमें लेना आवश्यक होगा।

* राष्ट्रीय समिति के १० जोन में से प्रत्येक जोन में एक पद महिला सदस्य के लिये निर्मित किया जावे ।

* प्रत्येक प्रदेश अपने विधान के अनुसार ही समय अवधि में चुनाव करवायेगा अगर किन्हीं कारणों से चुनाव में देरी हो रही है तो वे समय अवधि के बाद ३ माह से ६ माह के भीतर चुनाव करवा लें। अन्यथा राष्ट्रीय संगठन उस कार्यकारिणी को समाप्त कर तदर्थ समिति बनाकर चुनाव करवायेगा इस हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिकृत होंगे ।

* एन.ई.सी. के सदस्य २ माह के भीतर सदस्यता शुल्क जमा करें। अगर वे उक्त अवधि में शुल्क जमा नहीं करते हैं तो अगली एन.ई.सी. बैठक में उनकी जानकारी दी जावे।

* युवा प्रकोष्ठ प्रभारी की आयु ३५ वर्ष से ४० वर्ष उम्र अधिकतम होगी। सभी प्रदेश भी लागू करें।

तृतीय बैठक- दिनांक १० दिसंबर २०१० एवं ११ दिसंबर २०१० सामान्य सभा की प्रथम बैठक कालीकट (केरल)

* ABTSM Submit memorandum to Govt. of India.
(a) Include the students members of Tailik Sahu Community in the OEC list.
(b) Tailik Sahu Community to be tagged with the status of most backward.
(c) Seprate Quota for Panchayat Raj/ Local Self Bodies/ Parliament/ Legislative members.
(d) Exemption from Creamy Layer and
(e) Comprehensive welfare package.

* In last tenure (2005-2009) NEC meeting with some suggestions Sambidhan was passed but not get approval in GBM of ABTSM. Here we proposed inclusion of 14 point programmme and present organizational structure, and removal of clause which restrict to term of National President from proposed Sambidhan. Also as I explain the resolution passed in three meeting of tenure 2010-2012 and ond NEC of Tenure 2005- 2009 on your comment and approval requested. All GBM members by clapping and raising hands approved above proposal/ resolution approved.

चतुर्थ बैठक- दिनांक १२ जून २०११ बेंगलोर (कर्नाटक)

* साउथ इंडिया के साहू/तेली समाज की आज उपस्थिति एवं जोश निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगा।

* मुझे विश्वास है कर्नाटक प्रदेश आगे होकर सफलता पूर्वक कार्य करेगा।

*साहू समाज के सुधारक महान हैं उनकी स्तुति से समाज की बढोतरी होती है। महात्मा फुले के द्वारा पहला महिला कालेज पूना में बना। महिलाओं के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित होता है।

*कोजिकोडे मैं तैयार एवं अनुमोदित ड्राफ्ट पूर्ण रूप से तैयार हो गया है जिसकी मांग पूरी होने से साहू समाज के विकास की सभी सीमाऐं पूर्ण होंगी। मेमोरंडम सभी राजनैतिक पार्टी को भेज दिया गया है। मुछ जाति अन्य कुछ जातियों पर दबाव बनाती हैं। संविधान में भारत शासन को संशोधन करना चाहिए ।

* हमारी समाज में हमारे हक पाने के लिये दबाव बनाने की शक्ति विकसित करना होगा, समय-समय पर संघर्ष करना होगा।

*१४ सूत्री कार्यक्रम का क्रियान्वयन दत्तीसगढ प्रदेश ने किया है रिपोर्ट भी दी है, अन्य प्रदेश भी शीघ्र कार्यवाही कर रिपोर्ट डॉ.प्रकाश सेठ को भेंजे। महिला विंग के कार्य/ दौरे स्वागत योग्य हैं। सभी प्रदेश में ५० प्रतिशत महिला आरक्षण करें प्रयास करना होगा। इन प्रयास के साथ राजनैतिक प्रशिक्षण आवश्यक है। युवा प्रभारी रिपुसूदन साहू युवा के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम कराने की सोच है जो निश्चित रूप से समाज को नई दिशा मिलेगी। जाति जनगणना आवश्यक है विशेष ध्यान दें। सभी प्रदेश जिलों की जनगणना का आकडा शीघ्र उपलब्ध करवायें।

*उत्तर भारत में छत्तीसगढ, म.प्र. एवं अन्य प्रदेशों में मां कर्मा आराध्य देवी को मानते हैं। डाक टिकिट का प्रस्ताव जब मीटिंग होगी तो भारत शासन अनुमोदन कर देगी। इस टिकिट का विमोचन कराना होगा उसमें शताब्दी समारोह भी आयोजीत हो मुझे छत्तीसगढ करने का प्रस्ताव है जिसे वहाँ किया जा सकता है।

*सही ढंग से सही मामलों में संगठन के लिये ४-५ प्रदेश अच्छे आगे बढ रहे हैं। पूर्व अध्यक्षो/पुरखों ने जो नीव रखी है उसे सकारात्मक तरीके से आगे बढाना चाहिए।

*हमारा संगठन २१ वीं सदी में जो बदलाव आ रहें हैं उसका एक हिस्सा बने। श्री निवासा दक्षिण भारतीय भाषा के ज्ञाता हैं उन्हें जवाबदारी लेना चाहिए। आप फ्लोर के सबसे बडे आयातकर्ता हैं।

* छोटी- छोटी खामियां दूर करना है, हमें हमारी ताकत बढाना है।

*मौसम के हिसाब से जनवरी/ फरवरी रैली के लिये अच्छा समय होता है। मांग क्या रखना है पहले से तय करें।

*एक या दो माह में शीघ्र एक बैठक करेंगे रैली

क्रियान्वयन हेतु।

*गरीबी रेखा के नीचे की सेवाऐं/ भागीदारी हमें लेना होगा।

*महिला एवं युवाओं की अहम् भूमिका होनी चाहिए ।

*लगभग डेढ वर्ष हो चुके हैं काफी सदस्यों ने एनईसी फीस जमा नहीं की है। प्रत्येक प्रदेश/ सदस्य शीघ्र सदस्यता शुल्क जमा करें।

* डॉ.सेठ व्यवस्थित तरीके से कार्य कर रहें है आप सब सहयोग करें एक दूसरे के सहयोग से कार्य तेजी होते हैं। आप सबको सकारात्मक सोच से कार्य करना है।

पाँचवी बैठक- दिनांक ८ अक्टूबर २०११ उदयपुर (राजस्थान)

* तेली समाज की बडी आबादी का नेतृत्व करने वाला हमारा संगठन है। भारत शासन पिछडा वर्ग जाति की गिनती शुरू कर रहा है। तेली जाति के प्रत्येक वर्ग चाहे वो वानियार, गांडला, चेट्टियार, गौराई, घांची इत्यादि हो उन्हें अपनी जानकारी देती समय तेली अवश्य लिखना चाहिए। तब पूरे देश के तेली समाज की सही संख्या आवेगी इस संख्या के आधार पर हम हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी मांगेगे एवं कामयाब होंगे।

*इस शताब्दी वर्ष में समाज के प्रत्येक युवक महिला सामाजिक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे एवं आगे बढकर समाज के उत्थान में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करें। स्वयं आंकलन करे आपने समाज के लिए क्या किया है। प्रत्येक प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष का पद बहुत महत्वपूर्ण होता है । अगर वे कार्य नहीं कर पा रहे है तो समाज के हित में अन्य व्यक्ति को स्थान दें।

*दक्षिण भारत में विभिन्न नामों से संगठन हैं उन्हें एक छत में लाने के लिए प्रयास जारी है। कुछ-कुछ सफलता भी हमने पायी है। पाण्डिचेरी एवं तामिलनाडू में जो बिखरे हुए हैं। हम उन्हें एक करने के प्रयास करेंगे ।

*रैली जरूरी है, परंतु रैली बहुत बडी होना चाहिए। नागपुर की रैली में ४ लाख लोग थे हमारे प्रयास से जगनाडे महाराज की टिकिट जारी की गई है। शीघ्र कर्मा देवी की टिकिट जारी होगी।

*संगठन किसी अकेले व्यक्ति का नहीं है। अलग संगठन बनाकर जो काम कर रहे हैं वे मूल संगठन में शामिल हो हम स्वागत करते हैं। सामाजिक बिखराव को दूर करने की कोशिश जारी है। २२ से २८ दिसम्बर तक माताजी केशरबाई क्षीरसागर स्मृति समारोह आयोजित हो रहा है। दिनाक २८ दिसम्बर को समापन होगा आप सभी आमंत्रित हैं।

*एबीटीएसएम की वेबसाइट है जिसमें सभी प्रकार की सूची एवं संगठन की पूर्ण जानकारी प्रत्येक प्रदेश के कार्यो की फोटो के साथ उपलब्ध हैं।

*जिनके माँ-बाप अभी भी हल चलाते हैं, किसान है, उनके बेटे कारखानों के मालिक है। सिर्फ शिक्षा की बदौलत हमें समाज के बच्चों को शिक्षित करने में योगदान देना चाहिए शैक्षणिक कोष आवश्यक है। सौ साल के सफर में हर बिखराव को खत्म करने का हम संकल्प लें। व्यक्ति गौण है संगठन सर्वोपरि है।

*जम्मू कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, हिमांचल एवं दिल्ली प्रदेश में संगठन शीघ्र गठित हो गति देना होगा। ए.सी. थानू साहब ८० साल की उम्र में संगठन के उद्देशयों की पूर्ति के लिए पूरा समय देते हैं। हमें उनसे प्रेरणा लेना चाहिए।

*मैंने मंत्री के रूप में पीडब्ल्यूडी के कार्यो एवं पुलों को तोडकर जोडने का काम किया है। हमे समाज में दिलों को जोडने का काम करना है। हमारे कार्यक्रम में हनुमान भाटी जी आये उनको धन्यवाद देता हूँ वे आगे आकर घांची समाज को राष्ट्रीय संगठन में जोडने एवं बिखरे हुए वरिष्ठ साथियों को शताब्दी वर्ष में साथ लायें आग्रह करते हैं।

* ये संगठन आपका अपना है प्रत्येक सदस्य को समाज को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोडने के प्रयास करना है।

*इतनी अच्छी व्यवस्था एवं सुंदर आयोजन के लिए हम श्री ओ.पी.नरवरिया जी एवं उनकी टीम एवं समन्वय

के लिए टी.सी. चौधरी एवं जुगल भाटी को धन्यवाद देते हैं।

छठवीं बैठक- दिनांक २८ दिसंबर २०११ एवं द्वितीय सामान्य सभा की बैठक २९ दिसंबर २०११ बीड (महाराष्ट्र)

* प्रथम सामान्य सभा की बैठक दिनांक ११ दिसंबर २०१० के कार्य विवरण का अनुमोदन किया गया।

* महिला शक्ति हमारी ताकत है, उन्होंने कहा महिला आरक्षण के कारण महिला अध्यक्ष बीड की बनी, ४६ में से ४५ सीट जीतकर इतिहास बनाया।

*अप्रैल में जब लोकसभा चालू हो तारीख निर्धारित कर बडी रैली करें ताकि देश की राजधानी में हमारी समाज की आवाज गूंजे। समाज को पहचान मिलेगी। आसपास के प्रदेशों एमपी, यूपी, हरियाणा से काफी भीड जुटना होगी। रैली से पहले एनईसी की मीटिंग रहेगी। रैली में सभी सियासी नेताओं को बुलाना होगा। उनके सामने अपनी बात रखना होगी। रैली रामलीला मैदान में या वहाँ आयोजित हो इसके लिए दिल्ली में मीटिंग करना तय करें। डॉ.आनंद कुमार देहली में सहयोग करें

*शिक्षा में आरक्षण की मांग प्रदेशों की विधानसभाओं से केंद्र के पास जाये। कोर्ट आबादी के आधार पर आरक्षण की बात करती है। अभी जाति आधारित जो जनसंख्या आ रही है उससे हमारी जाति की भी सही जनसंख्या प्राप्त हो सकेगी। सभी प्रदेशों को जागरूकता लाना चाहिए की विभिन्न वर्ग, सरनेम के तेली, अपनी जाति के अंतर्गत तेली अवश्य लिखें।

* हमारे संगठन में राष्ट्रीय राजनैतिक मंच का गठन जरूरी है। मध्य प्रदेश में रजनीति में भागीदारी हेतु सितम्बर २००८ में काफी बडी रैली हुई नारा भी दिया 'जो साहू समाज को अपनायेगा, वही वोट पायेगा' फिर भी कोई टिकिट प्राप्त नहीं हुई। म.प्र. में जबसे प्रदेश अध्यक्ष रमेश साहू चुने गये है, १६ माह हो चुके हैं कोई कार्य नहीं हुए हैं, समाज न पिछडे इसलिए एक तदर्थ समिति बनाई जावे। मा.कृपाराम जी साहू एवं श्री बटनलाल साहू की एक समिति बनाई जाती है वे शीघ्र अपनी अनुशंसा दें, ताकि समाज और न पिछडे वहाँ आने वाले चुनाव में समाज का बोलबाला हो।

*यह संगठन मूल संगठन है, सभी प्रदेशों में है, यह इन समानान्तर संगठन के आगे झुके मुझे ठीक नहीं लगता है। यह भी हमने इस ओर काफी प्रयास किये हैं, फिर भी वे आगे नहीं आ रहे हैं, ये समाज हित में नहीं है। श्री राम लखन जी, श्री रामनारायण जी से चर्चा करें, अगर वे मूल संगठन में रहकर समाज के कार्य करें तो अच्छा है। बार-बार ये बात आती है जो नहीं मानते हैं तो वे अपना कार्य करें, हम मूल संगठन के रूप में कार्य करें। परंतु एक पदाधिकारी दो संगठन में रहकर कार्य न करे इस पर विचार कर निर्णय लें।

* मा. राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया मैं एवं मुख्यमंत्री एक बैठक में वाशिंगटन गये थे। हमें एक सज्जन ने अपने घर बुलाया वहाँ जाकर पता चला वह नागपुर का रहनेवाला तेली है उसने २५० तेली लोगो को रोजगार दिलाया उसके ६ प्रदेशों में आईटी उद्योग चल रहे हैं। यह ताकत है शिक्षा की। हमें शिक्षा कोष बनाना चाहिए। मा.राष्ट्रीय अध्यक्ष ने काकूजी के नाम से शैक्षणिक कोष में एक लाख रूपये देना की घोषणा की।

*मा.स्व. अरविंद गोदीवाला हमारे बीच नहीं हैं वे समाज के प्रति अत्यंत समर्पित थे। वे मुम्बई में समाज का भवन हो चाहते थे। मैं प्रयास कर रहा हूँ मुम्बई में समाज का भवन सबके सहयोग से बने।

सातवीं बैठक- दिनांक २५ मार्च २०१२ दिल्ली

*रैली सफल हो की चर्चा के लिए कई राष्ट्रीय पदाधिकारी/सदस्य दिल्ली में इकट्ठे नहीं हो पाये। नागपुर में राज्य की रैली में हमने ४ लाख लोग एकत्रित किए थे। २३ से २८ दिसंबर तक बीड में काकू स्मृति समारोह में प्रतिदिन १ ते २ लाख लोग एकत्रित हुए थे। तेली समाज की रामलीला मैदान में होने वाली रैली में २ लाख लोग एकत्रित होना चाहिए। इस दिशा में अभी से ही कोशिश होना चाहिए। महासभा साहू भवन के लिए काकू बीमार होते हुए संगठन के वरिष्ठ साथियों के साथ लगातार ११

माह तक दौरा किया जब ११ लाख इकट्ठा हो पाये। रैली जैसी बडे आयोजन के लिए कम से कम २ करोड रू.इकट्ठे होने चाहिए जो प्रस्ताव पारित हुआ है उसके राशि प्रत्येक प्रदेश अपनी जिम्मेदारी समझ १५ मई तक जमा करवायें प्रत्येक पदाधिकारी/ सदस्य आगे बढकर राशि जमा कराये एवं रैली के कार्यो में सहयोग करें। स्मारिका के लिए विज्ञापन दिलवायें। मैं रैली के लिए १० लाख रू. दुँगा।

* पिछली महाराष्ट्र सरकार में प्रस्ताव पारित किया एससी/ एसटी की तरह ओबीसी को आरक्षण दिया जावे। तामिलनाडू में पिछडा स्तर साहू समाज का हैं, हमें सबको लाभ मिले प्रयास करना होगा।

*दिल्ली प्रदेश आसपास के जिलों रैली हेतू जागरूकता लाते हुए ज्यादा से ज्यादा भीड इकट्ठी हो प्रयास करे।

*स्मारिका का प्रारूप तैयार करें एवं समिति उस हेतू बनायी जावे जानकारी एवं विज्ञापन एकत्र करें। अंत में आप सबके सहयोग-उत्साह से ही रैली का सफल आयोजन हो पायेगा।

आठवीं बैठक- दि. २७ नवम्बर २०१२ शिर्डी (महाराष्ट्र)

*डॉ. आनंद कुमार को देखना चाहिए कि उनका स्नेही इंटरनेशनल संगठन राष्ट्रीय संगठन से जुडे। राष्ट्रीय संगठन पिछले सौ वर्षो से कार्यरत हैं। इस बात को ध्यान रखना होगा।

*राष्ट्रीय स्तर पर जो समानांतर संगठन हैं उन्हें मूल संगठन में शामिल हाना चाहिए। इस बावत् जिन समानांतर संगठनों से कौन-कौन एन.ई.सी. पदाधिकारी/सदस्य जुडे हैं उनकी जानकारी प्रदेश अध्यक्षों को पत्र लिखकर प्राप्त करें। जो समानांतर संगठन से जुडे, हैं उन्हें पत्र लिखें एवं वे एक माह में जवाब दें। उन्हें राष्ट्रीय संगठन में रहेंगे का अनुरोध कर जानकारी प्राप्त करें। अगर जवाब प्राप्त ना हो तो अगली एन.ई.सी. की बैठक में जानकारी दें।

*दिल्ली प्रदेश का संगठन शीघ्र गठित हो, श्री कृपाराम जी प्रयास करें ।

*संगठनों को संचालित करने के लिए रेफरी की संख्या बढ रही है। परंतु समाज को लाभ सिर्फ मूल संगठन के संचालन से ही होगा।

* जिन एन.ई.सी.पदाधिकारी/ सदस्यों ने फीस नहीं दी है उन्हें प्रदेश अध्यक्षों को पत्र लिखें, वे एक माह में फीस जमा करें। अगली बैठक में जानकारी प्रस्तुत करें।

* हमारे मूल संगठन के जो सदस्य/पदाधिकारी हैं उन्हें इस संगठन के हीतों रक्षा करते हुए अपने पद से जुडी जिम्मेदारी को पूर्ण करना चाहिए ताकि समाज को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोडने के कार्य में सफलता प्राप्त हो।

नौवीं बैठक- दि.७ अप्रैल २०१३ रायपुर (छत्तीसगढ)

* माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस प्रकार के व्यवहार की कडे शब्दों में भर्त्सना की। ६ अप्रैल को छत्तीसगढ के द्वारा किये अत्यंत सफल आयोजन के बाद इस तरह असंवैधानिक शब्दों में बात करना उनके कार्यो पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने विवेचना करते हुये कहाँ अ.भा.तैलिक साहू महासभा राष्ट्रीय स्तर का मूल संगठन है, जिसे कार्य करते हुए १०० वर्ष हो चुके हैं। जो पदाधिकारी अन्य समानांतर संगठनों के भी पदाधिकारी हैं वे या तो सिर्फ इस संगठन में रहें या वहाँ कार्य करें। एक संगठन में रहकर प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। डॉ. सेठ पुरी मेहनत के साथ कार्य कर रहें हैं, अगर छोटी बातें उठाई जावेगी जिनका कि कोई महत्त्व नहीं है तो वो संगठन में वालंट्री रूप से कार्य करने कोई नहीं आयेगा। इस बात का ध्यान रखा जावे।

*आनेवाले समय में कुछ राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, उन प्रदेशों में सक्रियता आये, जो राजनैतिक प्रतिनिधि विधायक उम्मीदवारी चाहते हैं उनके लिए कार्य करें।

*राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए आगामी बैठक में चुनाव के बारे में स्थान निर्धारित करने हेतु विचार किया जावेगा। बैठक के आयाजकों से अनुरोध है, एन.ई.सी.सदस्यों के अलावा अन्य सदस्य शामिल ना हों। इस तरह हंगामा ना हों, वे ध्यान रखें। राष्ट्रीय अध्यक्ष के मागदर्शन एवं समीक्षा के बाद एन.ई.सी.की बैठक समाप्त घोषित की गई।

दसवीं बैठक- दिनांक २० जनवरी २०१४ भीलवाडा

(राजस्थान)

*आज की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय आकस्मिक कार्यो के कारण नहीं आ पाएं हैं। अगली बैठक सूरत में होगी उसकी तारीख निर्धारित की जावे।

ग्यारहवीं बैठक- दिनांक १९ फरवरी २०१५ किशनगढ (राजस्थान)

* आज की बैठक में हिमाचल उडिसा के प्रतिनिधि आएं हैं इससे लगता है संगठन से लोग जुड रहे हैं।

*संगठन में आमदनी अट्ठनी एवं खर्चा १ रूपया है फिर भी समय-समय पर खर्च एवं प्राप्ति की जानकारी दी गयी है। शीघ्र ऑडिटेड बैलेंस शीट प्रस्तुत की जाना चाहिए।

*भवन की पॉवर आफ एटार्नी हीरालाल जी के नाम शीघ्र रजिस्ट्री की कार्यवाही होनी चाहिए। चुनाव आदि के कारण इसबार ८-९ माह बाद किशनगढ मारवल नगरी में मिल रहे हैं। चुनाव पारदर्शी होना चाहिए। पूरी लिस्ट घोषणा की जायेगी, व्हाटएप, एसएमएस एवं ई-मेल से लिस्ट भेजी जायेगी।

*मुझे लगता है विभिन्न पदों पर जो कार्य करना चाहे वह आगे आए। इस संगठन को आगे लेकर जाना है। वन मैन संगठन बनते हैं और मिट जाते हैं।

*१७ मई रविवार को चुनाव कराये जाएं, स्थान की उपयुक्तता/ उपलब्धता एवं चुनाव अधिकारी की नियुक्ति जल्द की जा सकेगी।

*चुनाव का पत्र जारी होने तक जो मतदाता होंगे वही मतदाता होंगे। मैं विश्वास दिलाना चाहता हूँ चुनाव पूरा पारदर्शी होगा।

अन्य विवरण

*मैंने महासचिव के रूप में मार्च २०१० से फरवरी २०१५ तक केरल, कर्नाटक, तमिलनाडू, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, आसाम, मेघालय, सिक्कीम, पंजाब और उडिसा प्रदेश विभिन्न स्थानों के कार्यक्रमों एवं बैठकों में शामिल हुआ जहां राष्ट्रीय संगठन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के १४ सूत्रीय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश संगठनों को सक्रिय करने के प्रयास किए हैं ।

*राजनीति में भागीदारी रखने वाले एवं विधायक/ सांसद के उम्मीदवारों के बायोडेटा एकत्र कर राष्ट्रीय संगठन के अध्यक्षों को प्रतिवेदन भेजकर राजनीति में भागीदारी के प्रयास किए गए।

*राजनीतिक सम्मेलन/ सामूहिक आदर्श विवाह प्रदेश/ जिला स्तर पर हो प्रयास किए गए।

*सामाजिक संगठन जो कार्य कर रहे हैं उनका प्रचार -प्रसार मीडिया का उपयोग कर किया जावे प्रयास किए गए।

*डॉ.प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ.पी.एस.सोन के द्वारा राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक डाक्टरों की डायरेक्ट्री की सीडी उपलब्ध करवायी गयी एवं इसे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया। डॉ.प्रकोष्ठ की जानकारी का हिन्दी/अंग्रेजी का सर्कुलर भी जारी किया गया।

*युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री रिपुसुदन साहू के द्वारा देश के कई प्रदेशों में दौरा कर युवाओं को सामाजिक कार्यो में जोडने के उल्लेखनीय प्रयास हुए।

*महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी सुश्री ममता साहू के द्वारा कई प्रदेशों में जाकर महिला संगठनों को प्रोत्साहित कर सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षणिक क्षेत्रों में भागीदारी बढे प्रयास हुए है।

*प्रत्येक राष्ट्रीय पदाधिकारियों को १८/८/२०१० को निर्देशानुसार कार्यालय आदेश के माध्यम से उनके पद से संबंधित दायित्व की पूर्ति के लिए पत्र जारी किया गया।

*राष्ट्रीय संगठन की वेबसाइट का निर्माण कर सभी जानकारी वेबसाइट पर डाली गयी जिसका संचालक १५ अप्रैल २०१० से ३१ मार्च २०१३ तक किया गया।

*शताब्दी समारोह वर्ष २०११ में प्रत्येक प्रदेश मनाये के लिए १७ सदस्यों की हाई पावर कमेटी माननीय जयदत्तजी क्षीरसागर की अध्यक्षता में बनाई गयी। प्रथम बैठक १० अक्टूबर २०१० बीड में आयोजित हुई। ७ जनवरी २०११

को छत्तीसगढ प्रदेश में शताब्दी समारोह आयोजन का शुभारंभ हुआ ।

*साउथ जोन की मिटिंग माननीय ए.सी.थानू जी के नेतृत्व में १ नवम्बर २०१० को त्रिवेन्द्रम में आयोजित हुई।

*रैली एक्शन कमेटी का गठन किया गया जिसकी प्रथम बैठक मुम्बई में १५ फरवरी २०११ को आयोजित हुई। द्वितीय बैठक ८ अक्टूबर २०११ को उदयपुर में आयोजित हुई एवं तृतीय बैठक १० मार्च २०१२ को दिल्ली में आयोजित हुई एवं एक प्रतिनिधि मण्डल राष्ट्रीय पिछडा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, सामाजिक न्याय मंत्री मुकुल वासनिक, रक्षा मंत्री ए.के. एण्टोनी, विज्ञान मंत्री बिलासराव देशमुख एवं कुछ सांसद सदस्यों से मिलकर प्रतिवेदन दिया।

*१९ फरवरी २०१५ को किशनगढ (राजस्थान) में आयोजित बैठक में १७ मई २०१५ को चुनाव हो निर्णय लिया गया, मुख्य चुनाव अधिकारी एवं दो उपचुनाव अधिकारी को मनोनीत करने एवं स्थान की उपलब्धता के अनुसार अध्यक्ष निर्णय लें, अधिकृत किया गया।

*निर्देशानुसार एवं गोमंतक तेली समाज गोवा प्रदेश के पत्र दिनांक १० फरवरी २०१५ के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का आयोजन गोवा में करें पर एवं स्थान की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए १७ मई को मडगॉव गोवा में चुनाव प्रस्तावित हैं जिसकी सूचना पत्र दिनांक १७/३/२०१५ के द्वारा एवं मुख्य चुनाव/ दो उपचुनाव अधिकारी का नियुक्ति पत्र १७/३/२०१५ को सभी उपलब्ध आजीवन सदस्यों एवं उपलब्ध प्रदेशों के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों को पत्र द्वारा जानकारी भेजी गयी। उपलब्ध मोबाइल नम्बरों पर एसएमएस एवं ई-मेल से भी जानकारी उपलब्ध करायी गयी।



डॉ.प्रकाश सेठ
राष्ट्रीय महासचिव
मो.०९४२५०१०२६६
Mail- drpcseth@ gmail.com

समाजभूषण प्रधानमंत्री नरेंद मोदी



नरेन्द्र मोदी का जन्म तत्कालीन बॉम्बे राज्य के महेसाना जिला स्थित वडनगर ग्राम में हीराबेन मोदी और दामोदरदास मूलचन्द मोदी के एक मध्यम-वर्गीय धाँची तेली परिवार में १७ सितम्बर १९५० को हुआ था।वह पूर्णतः शाकाहारी हैं।भारत पाकिस्तान के बीच द्वितीय युद्ध के दौरान अपने तरुणकाल में उन्होंने स्वेच्छा से रेलवे स्टेशनों पर सफ़र कर रहे सैनिकों की सेवा की।युवावस्था में वह छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में शामिल हुए । उन्होंने साथ ही साथ भ्रष्टाचार विरोधी नव निर्माण आन्दोलन में हिस्सा लिया। एक पूर्णकालिक आयोजक के रूप में कार्य करने के पश्चात् उन्हें भारतीय जनता पार्टी में संगठन का प्रतिनिधि मनोनीत किया गया।किशोरावस्था में अपने भाई के साथ एक चाय की दुकान चला चुके मोदी ने अपनी स्कूली शिक्षा वड़नगर में पूरी की।उन्होंने आरएसएस के प्रचारक रहते हुए १९८० में गुजरात विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर परीक्षा दी और एमएससी की डिग्री प्राप्त की।

अपने माता-पिता की कुल छः सन्तानों में तीसरे पुत्र नरेन्द्र ने बचपन में रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने में अपने पिता का भी हाथ बँटाया।बड़नगर के ही एक स्कूल मास्टर के अनुसार नरेन्द्र हालाँकि एक औसत दर्ज़े का छात्र था, लेकिन वाद-विवाद और नाटक प्रतियोगिताओं में उसकी बेहद रुचि थी।इसके अलावा उसकी रुचि राजनीतिक विषयों पर नयी-नयी परियोजनाएँ प्रारम्भ करने की भी थी।

१३ वर्ष की आयु में नरेन्द्र की सगाई जसोदा बेन चमनलाल के साथ कर दी गयी और जब उनका विवाह हुआ, वह मात्र १% वर्ष के थे। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की एक खबर के अनुसार पति-पत्नी ने कुछ वर्ष साथ रहकर बिताये।परन्तु कुछ समय बाद वे दोनों एक दूसरे के लिये अजनबी हो गये क्योंकि नरेन्द्र मोदी

ने उनसे कुछ ऐसी ही इच्छा व्यक्त की थी।जबकि नरेन्द्र मोदी के जीवनी-लेखक ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है:

उन दोनों की शादी जरूर हुई परन्तु वे दोनों एक साथ कभी नहीं रहे। शादी के कुछ बरसों बाद नरेन्द्र मोदी ने घर त्याग दिया और एक प्रकार से उनका वैवाहिक जीवन लगभग समाप्त-सा ही हो गया।

नरेन्द्र जब विश्वविद्यालय के छात्र थे तभी से वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में नियमित जाने लगे थे। इस प्रकार उनका जीवन संघ के एक निष्ठावान प्रचारक के रूप में प्रारम्भ हुआ उन्होंने शुरुआती जीवन से ही राजनीतिक सक्रियता दिखलायी और भारतीय जनता पार्टी का जनाधार मजबूत करने में प्रमुख भूमिका निभायी। गुजरात में शंकरसिंह वाघेला का जनाधार मजबूत बनाने में नरेन्द्र मोदी की ही रणनीति थी।

अप्रैल १९९० में जब केन्द्र में मिली जुली सरकारों का दौर शुरू हुआ, मोदी की मेहनत रंग लायी, जब गुजरात में १९९५ के विधान सभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने अपने बलबूते दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर सरकार बना ली। इसी दौरान दो राष्ट्रीय घटनायें और इस देश में घटीं। पहली घटना थी सोमनाथ से लेकर अयोध्या तक की रथयात्रा जिसमें आडवाणी के प्रमुख सारथी की मूमिका में नरेन्द्र का मुख्य सहयोग रहा। इसी प्रकार कन्याकुमारीसे लेकर सुदूर उत्तर में स्थित काश्मीर तक की मुरली मनोहर जोशी की दूसरी रथ यात्रा भी नरेन्द्र मोदी की ही देखरेख में आयोजित हुई। इसके बादशंकरसिंह वाघेला ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया, जिसके परिणामस्वरूप केशुभाई पटेल को गुजरात का मुख्यमन्त्री बना दिया गया और नरेन्द्र मोदी कोदिल्ली बुला कर भाजपा में संगठन की दृष्टि से केन्द्रीय मन्त्री का दायित्व सौंपा गया।

१९९५ में राष्ट्रीय मन्त्री के नाते उन्हें पाँच प्रमुख राज्यों में पार्टी संगठन का काम दिया गया जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। १९९८ में उन्हें पदोन्नत करके राष्ट्रीय महामन्त्री (संगठन) का उत्तरदायित्व दिया गया। इस पद पर वह अक्टूबर २००१ तक काम करते रहे। भारतीय जनता पार्टी ने अक्टूबर २००१ में केशुभाई पटेल को हटाकर गुजरात के मुख्यमन्त्री पद की कमान नरेन्द्र मोदी को सौंप दी।

नरेन्द्र मोदी अपनी विशिष्ट जीवन शैली के लिये समूचे राजनीतिक हलकों में जाने जाते हैं। उनके व्यक्तिगत स्टाफ में केवल तीन ही लोग रहते हैं, कोई भारी-भरकम अमला नहीं होता। लेकिन कर्मयोगी की तरह जीवन जीने वाले मोदी के स्वभाव से सभी परिचित हैं इस नाते उन्हें अपने कामकाज को अमली जामा पहनाने में कोई दिक्कत पेश नहीं आती। उन्होंने गुजरात में कई ऐसे हिन्दू मन्दिरों को भी ध्वस्त करवाने में कभी कोई कोताही नहीं बरती जो सरकारी कानून कायदों के मुताबिक नहीं बने थे। हालाँकि इसके लिये उन्हें विश्व हिन्दू परिषद जैसे संगठनों का कोपभाजन भी बनना पड़ा, परन्तु उन्होंने इसकी रत्ती भर भी परवाह नहीं की; जो उन्हें उचित लगा करते रहे। वे एक लोकप्रिय वक्ता हैं, जिन्हें सुनने के लिये बहुत भारी संख्या में श्रोता आज भी पहुँचते हैं। कुर्ता-पायजामा व सदरी के अतिरिक्त वे कभी-कभार सूट भी पहन लेते हैं। अपनी मातृभाषा गुजराती के अतिरिक्त वह राष्ट्रभाषा हिन्दी में ही बोलते हैं।

मोदी के नेतृत्व में २०१२ में हुए गुजरात विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया। भाजपा को इस बार ११५ सीटें मिलीं।

उनके नेतृत्व में भारत की प्रमुख विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने २०१४ का लोकसभा चुनाव लड़ा और २८२ सीटें जीतकर अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की।एक सांसद के रूप में उन्होंनेउत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी वाराणसी एवं अपने गृहराज्य गुजरात के वडोदरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा और दोनों जगह से जीत दर्ज़ की।

इससे पूर्व वे गुजरात राज्य के १४वें मुख्यमन्त्री रहे। उन्हें उनके काम के कारण गुजरात की जनता ने

लगातार ४ बार (२००१ से २०१४ तक) मुख्यमन्त्री चुना। गुजरात विश्वविद्यालय सेराजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त नरेन्द्र मोदी विकास पुरुष के नाम से जाने जाते हैं और वर्तमान समय में देश के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से हैं्।।माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर भी वे सबसे ज्यादा फॉलोअर वाले भारतीय नेता हैं्।टाइम पत्रिका ने मोदी को पर्सन ऑफ़ द ईयर २०१३ के ४२ उम्मीदवारों की सूची में शामिल किया है।

अटल बिहारी वाजपेयी की तरह नरेन्द्र मोदी एक राजनेता और कवि हैं्। वे गुजराती भाषा के अलावा हिन्दी में भी देशप्रेम से ओतप्रोत कविताएँ लिखते हैं्।

गोआ में भाजपा कार्यसमिति द्वारा नरेन्द्र मोदी को २०१४ के लोक सभा चुनाव अभियान की कमान सौंपी गयी थी।१३ सितम्बर २०१३ को हुई संसदीय बोर्ड की बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों के लिये प्रधानमन्त्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया। इस अवसर पर पार्टी के शीर्षस्थ नेता लालकृष्ण आडवाणी मौजूद नहीं रहे और पार्टी अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने इसकी घोषणा की।मोदी ने प्रधानमन्त्री पद का उम्मीदवार घोषित होने के बाद चुनाव अभियान की कमान राजनाथ सिंह को सौंप दी। प्रधानमन्त्री पद का उम्मीदवार बनाये जाने के बाद मोदी की पहली रैली हरियाणा प्रान्त के रिवाड़ी शहर में हुई्।

एक सांसद प्रत्याशी के रूप में उन्होंने देश की दो लोकसभा सीटों वाराणसी तथा वडोदरा से चुनाव लड़ा और दोनों निर्वाचन क्षेत्रों से विजयी हुए्। पार्टी की ओर से पीएम प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद नरेन्द्र मोदी ने पूरे भारत का भ्रमण किया। इस दौरान तीन लाख किलोमीटर की यात्रा कर पूरे देश में ४३७ बड़ी चुनावी रैलियाँ, ३-डी सभाएँ व चाय पर चर्चा आदि को मिलाकर कुल ५८२७ कार्यक्रम किये। चुनाव अभियान की शुरुआत उन्होंने २६ मार्च २०१४ को मां वैष्णो देवी के आशीर्वाद के साथ जम्मू से की और समापन मंगल पाण्डे की जन्मभूमि बलिया में किया। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात भारत की जनता ने एक अद्भुत चुनाव प्रचार देखा।यही नहीं, नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने २०१४ के चुनावों में अभूतपूर्व सफलता भी प्राप्त की।चुनाव में जहाँ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ३३६ सीटें जीतकर सबसे बड़े संसदीय दल के रूप में उभरा वहीं अकेले भारतीय जनता पार्टी ने २८२ सीटों पर विजय प्राप्त की। काँग्रेस केवल ४४ सीटों पर सिमट कर रह गयी और उसके गठबंधन को केवल ५९ सीटों से ही सन्तोष करना पड़ा।नरेन्द्र मोदी स्वतन्त्र भारत में जन्म लेने वाले ऐसे व्यक्ति हैं जो सन २००१ से २०१४ तक लगभग १३ साल गुजरात के १४वें मुख्यमन्त्री रहे और हिन्दुस्तान के १५वें प्रधानमन्त्री बने।

एक ऐतिहासिक तथ्य यह भी है कि नेता-प्रतिपक्ष के चुनाव हेतु विपक्ष को एकजुट होना पड़ेगा क्योंकि किसी भी एक दल ने कुल लोकसभा सीटों के १० प्रतिशत का आँकड़ा ही नहीं छुआ्।

२० मई २०१४ को संसद भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित भाजपा संसदीय दल एवं सहयोगी दलों की एक संयुक्त बैठक में जब लोग प्रवेश कर रहे थे तो नरेन्द्र मोदी ने प्रवेश करने से पूर्वसंसद भवन को ठीक वैसे ही जमीन पर झुककर प्रणाम किया जैसे किसी पवित्र मन्दिर में श्रद्धालु प्रणाम करते हैं्। संसद भवन के इतिहास में उन्होंने ऐसा करके समस्त सांसदों के लिये उदाहरण पेश किया। बैठक में नरेन्द्र मोदी को सर्वसम्मति से न केवल भाजपा संसदीय दल अपितु एनडीए का भी नेता चुना गया। राष्ट्रपति ने नरेन्द्र मोदी को भारत का १५वाँ प्रधानमन्त्री नियुक्त करते हुए इस आशय का विधिवत पत्र सौंपा। नरेन्द्र मोदी ने सोमवार २६ मई २०१४ को प्रधानमन्त्री पद की शपथ ली। अखिल भारतीय तैलिक महासभा श्री.नरेंद्रभाई मोदीजी को हार्दिक अभिनंदन करती है ।



डॉ.अरुण भस्मे
अतिरिक्त महामंत्री

रघुवर दास का सफर मजदूर से मुख्यमंत्री तक

रघुवर दास झारखंड राज्य के १० वें मुख्यमंत्री है और राज्य बनने के १४ सालों बाद वह पहले गैर आदिवासी मुख्यमंत्री है। ५९ साल के रघुवर दास ने जमशेदपुर में टाटा स्टील के रोलिंग मिल में मजदूर के रूप में अपना सफर शुरू किया और तमाम उतार चढाव के बाद मुख्यमंत्री के पद तक पहुँचे । दिवंगत चमनराम के बेटे रघुवर दास का जन्म ३ मई १९५५ को जमशेदपूर में हुआ था, जहॉ अभावों में उन्होंने अपना बचपन गुजारा । देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहॉ बचपन में रेलवे स्टेशन पर चाय बेची वही रघुवर दास को बचपन में मजदूरी करीन पडी ।

जमशेदपुर में ३ मई, १९५५ को पैदा हुए रघुवर दास ने भालूबासा हरिजन हाईस्कूल से शुरूआती शिक्षा पाई। इसके बाद जमशेदपुर के कोऑपरेटिव कॉलेज से बीएससी की शिक्षा ली। इसी कालेज से उन्होंने एलएलबी की पढाई की । पढाई पुरी करने के बाद वह टाटा स्टील में वर्कर के तौर पर जुड गए। कॉलेज के दिनों से ही राजनीति में उनकी दिलचस्पी थी। जब इंदिरा सरकार के खिलाफ जयप्रकाश नारायण ने क्रांति की बिगुल फूंकी तो रघुवर भी उस आंदोलन में कूद पडे । आपातकाल लागू होने के बाद गया में उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया ।

१९७७ में वह जनता पार्टी से जुड गए। बाद में वर्ष १९८० में बीजेपी की स्थापना के साथ ही वह संस्थापक सदस्य के तौर पर बीजेपी में शामिल हुए । उन्होंने वर्ष १९९५ में पहली बार जमशेदपुर पूर्व विधानसभा का चुनाव लडा और विधायक बने । तब से लगातार पाचवी बार उन्होंने इसी क्षेत्र से विधानसभा चुनाव जीता है। रघुवर दास १५ नवम्बर २००० से १७ मार्च २००३ तक राज्य के श्रम मंत्री रहे, फिर मार्च २००३ से १४ जुलाई २००४ तक वह भवन निर्माण मंत्री तथा १२ मार्च २००५ से १४ सितम्बर २००६ तक झारखण्ड



के वित्त, वाणिज्य और नगर विकास मंत्री रहे। इसी बीच जुलै २००४ से २००५ तक व बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे । बाद में १९ जनवरी २००९ से २५ सितम्बर २०१० तक उन्होंने दोबारा यह पद सॅभाला। ३० दिसम्बर २००६ से ३० मई २०१० तक शिबू सोरेन के अगुवाई में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के साथ बनी बीजेपी की सरकार ने डिप्टी सी.एम., वित्त, वाणिज्य कर, उर्जा, नगर विकास, आवास व संसदीय कार्यमंत्री रहे । १६ अगस्त २०१४ को अमित शाह की अध्यक्षता में बनी टीम में बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाएं गये । दास के परिवार में उनकी पत्नी व उनका पुत्र है। उनकी पुत्री की शादी हो चुकी है ।

मुख्यमंत्री बबने के बाद उन्होंने पार्टी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह बीजेपी में ही संभव है कि एक मजदूर का बेटा मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री अथवा राष्ट्रपति बन सकने की कल्पना कर सकता है ।



एस.राहुल
प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, दिल्ली.

साहू समाज के सांसद








पी.सी. गद्दीगौदर

बांगलकोट (कर्नाटक) वासी ६० वर्षीय श्री पर्वतागौडा चन्दनगौडा गद्दीगौदर भाजपा से तिसरी वार बांगलकोट लोकसभा संसदीय क्षेत्र से सांसद बने है। इन्होंने बी.ए. व एल.एल.बी.की शिक्षा प्राप्त की है । ये सन १९८८ में कर्नाटक विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित हो चुके है। ये १४ वीं १५ वीं लोकसभा के साथ ही १६ वीं लोकसभा में भी पुनः विजयी हुए है। ये सरल स्वभाव के साथ मृदुभाषी है। इनका वर्तमान निवास ८, मीना बाग, नई दिल्ली है ।

चन्दूलाल साहू 'चन्दू भइया'

राजिम (छत्तीसगढ), वासी ५४ वर्षीय श्री चन्दूलाल साहू भाजपा से दुसरी बार महासमुद्र लोकसभा संसदीय क्षेत्र से सांसद बने है। इन्होंने छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अजित जोगी को कांटे की टक्कर के फलस्वरूप हराया है । इनके विजय में दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष एस.राहुल एवं डॉ.पुष्पेन्द्र राठौर तथा छत्तीसगढ के साहू समाज का प्रमुख योगदान है। इन्होंने बी.कॉम. व एल.एल.बी. की शिक्षा प्राप्त की है । ये सन २००३ में छत्तीसगढ विधानसभा के लिए निर्वाचित हो चुके है। १५ वी लोकसभा के साथ ही १६ वीं लोकसभा में पुनः विजयी हुए है। ये गम्भीर एवं शांत स्वभाव के है। इनका वर्तमान पता ३२७, वी.पी. हाउस, नई दिल्ली- ११०००१ है ।

रामदास चन्द्रभानजी तडस

देवली वासी ६१ वर्षीय श्री रामदास चन्द्रभान जी वर्धा लोकसभा संसदीय क्षेत्र जो कि महाराष्ट्र राज्य में है, वहॉ से सांसद चुने गये है। ये वर्तमान में महाराष्ट्र तैलिक साहु महासभा के प्रदेश अध्यक्ष है। ये महाराष्ट्र विधान परिषद के १२ वर्षो (१९९४-२००५) तक सदस्य रहे । देवली नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के पद को १५ वर्षो (१९९५-२०१०) तक इन्होंने सुशोभित किया। गत १५ सालों से इनकी पत्नी श्रीमती शोभा रामदास तडस देवली नगर पालिका की अध्यक्ष है। ये तेली जाति के साथ ही महाराष्ट्र प्रदेश में पिछडी जाति के सर्वमान्य नेता है। ये पिछडों के हक व उत्थान के लिए सदैव संर्घषरत रहते है। इनका निवास ग्राम व पोस्ट- देवली, जिला वर्धा- ४४२००१ (महाराष्ट्र) है ।

रामेश्वर तेली

टिपलिंग निवासी ४३ वर्षीय श्री रामेश्वर तेली असम के डिब्रूगढ संसदीय क्षेत्र से सांसद बने है। ये वर्तमान में चाय मोर्चा, असम के अध्यक्ष है। ये असम विधान सभा के सदस्य दुनियाजान क्षेत्र से २००१-२०११ तक रहे । ये असम विधानसभा के डिप्टी लीडर, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री के साथ ही मजूदर महासभा, असम के अध्यक्ष रह चुके है। ये शुरू से गरीब शोषित, मजदूर वर्ग के उत्थान में समर्पित है। इनकी सादगी से क्षेत्र की जनता काफी प्रभावित है। इनका निवास टिपलिंग, पुराना घाट, जिला- डिब्रूगढ (असम) है ।

ताम्रध्वज साहू

दुर्ग वासी ६५ वर्षीय श्री ताम्रध्वज साहु कांग्रेस से प्रथम बार छत्तीसगढ राज्य में आनेवाली दुर्ग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से सांसद बने है। ये पेशे से किसान है। ये छत्तीसगढ

साहू समाज के सात वर्षो (१९९३-२००१) तक प्रदेश अध्यक्ष रह चुके है। ये बेमतरा विधानसभा से २००८-१३ तथा धमधा विधानसभा क्षेत्र से १९९८-२००३, २००३-२००८ तक विधायक रहे है। छत्तीसगढ में साहू समाज के संगठन का विस्तार देने में इनका सराहनीय योगदान है। इनका निवास मीनाक्षी नगर, बोडसी दुर्ग (छत्तीसगढ) है।

लेखनलाल साहू 'अलख'

मुंगेली वासी ४३ वर्षीय श्री लखनलाल साहू भाजपा से प्रथम बार विलासपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र जो की छत्तीसगढ प्रदेश में आती है वहाँ से सांसद जुने गये है। ये पेशे से अधिवक्ता है।

इनकी एम.ए. (हिन्दी साहित्य) एवं एल.एल.बी. की शैक्षणिक उपलब्धि है। ये वर्तमान में भाजपा मुंगेली जिले के जिलाध्यक्ष के साथ छत्तीसगढ प्रदेश साहू समाज के आडिटर भी है। छत्तीसगढ में साहू सामज को गति एवं दिशा देने में इतकी महत्ती भूमिका है । इनका निवास सतनाम भवन के पीछे, दाउपारा मुंगेली, जिला- मुंगेली-४९५३३४(छत्तीसगढ) है ।

LIST OF MP AND MLA OF SAHU COMMUNITY IN INDIA

MEMBER OF PARLIAMENT

S.N.	NAME	PARTY	CONSTITUENCY	CELL NO
1.	Narendra Modi	BJP	Varanasi (U.P.)	011-23018939
2.	Ramdas C. Tadas	BJP	Wardha (Maharashtra)	9013869256
3.	Rameswar Teli	BJP	Dibrugarh (Assam)	9435039335
4.	P.C. Gaddigoudar	BJP	Bagalkot (Karantaka)	9868180612
5.	Chandu Lal Sahu	BJP	Mahasamund (Chhatisgarh)	9013180400
6.	Lakhan Lal Sahu	BJP	Bilaspur (Chhatisgarh)	9013869103
7.	Tamradhwaj Sahu	INC	Durg (Chhatisgarh)	9425202225

MEMBER OF LESSLATICE ASSEMBELY

STATE	ASSEMBELY	PARTY	NAME	CELL
Jharkhand	Jameshedpur East	BJP	Raghuvar Das Chief Minister	9431118440
	Baghmara	BJP	Dhulu Mahto	9430384532
	Badka Gaon	INC	Nirmla Devi	9431168642
Chhatisgarh	Durg Rural	BJP	Smt.Ramsheela Sahu Minister of Women and Child Development	7509090244
	Kawardha	BJP	Ashok Sahu	7587098175
	Dongargao	INC	Daleshwar Sahu	9406325436
	Khujji	INC	Bholaram Sahu	9406325436
	Abhanpur	INC	Dhanendra Sahu	9425203288
	Lormi	BJP	Tokhan Sahu	9893593068
	Sakti	BJP	Khilwan Sahu	9993936762
	Khallari	BJP	Chunni Lal Sahu	9977909977

STATE	ASSEMBELY	PARTY	NAME	CELL
Maharashtra	Kamptee	BJP	Chandrashekhar Bavankule Minister for Energy& New and renewable Energy	9860605555
	Nagpur East	BJP	Khopde krishnaji Panchamji	
	Brahmapuri	INC	Wadettiwar Vijay Namdevrao	
	Beed	NCP	Kshirsagar jaydattaji Sonajirao	9422933505
	Tumsar	BJP	Waghamare Charan Sovinda	
	Amalner	IND	Shirishdada Hiralal	9922111000
MP	Surkhi	BJP	Parul Sahu	9425044925
Rajasthan	Sumerpur	BJP	Madan Rathore 9414119663	
Gujrat		BJP	B.J.Puttaswami 9448359762 MLC	
Assam	Tinsukia	INC	Raju Sahu Parliamentary Secreatary of Labour and Employment	9435036912

फोटो व कॅप्शन देणे

छत्तीसगढ. एक नजर में

छत्तीसगढ.या सबले बढिया छ.ग. बाहुल्य प्रदेश है। छत्तीसगढ की आबादी २ करोड ६० लाख की है। जिसमें लगभग साठ लाख साहू समाज की आबादी है। छ.ग.में साहू समाज के लोग आर्थिक दृष्टि से अत्यंत पिछडे है यहां ८५ प्रतिशत सामाजिक लोग कृषक है । साथ ही शिक्षाकर्मी, पंचायतकर्मी, इंजीनियरों की संख्या अधिक है । सामाजिक लोग भले ही आर्थिक दृष्टीकोन से पिछडे है, किंतु राजनैतिक दृष्टीकोन से पूरे भारत देश में प्रथम स्थान पर है । पंच, सरपंच, जनपद, जिला पंचायत, नगरपालिका, नगर निगमों में सर्वधिक संख्या में समाज के लोक काबिज है। विधानसभा में ९० सीट में ९ विधायक है, शासन में १ मंत्री, ११ लोकसभा सदस्यों में ३ साहू सांसद है। इसी तरह अनेक विधायक एवं मंत्री हो चुके है।



समाज का संगठन अद्‌भुत व अनुकरणीय है। यहां इकाई से लेकर प्रदेश स्तर तक का नियमित चुनाव होता है। राजधानी में समाज का विशाल छात्रावास है। प्रत्येक जिले के कई ग्रामों में समाज का सामुदायिक भवन हैं सामाजिक पदाधिकारियों के प्रयास से पापमोचनी एकादशी को प्रशासन द्वारा कर्मा जयंती का ऐच्छिक अवकाश घोषित किया है । धमतरी में प्रशासन द्वारा कर्मा चौंक बनाया गया जिसका अनावरण प्रदेश के मुखिया डॉ.रमन सिंह के द्वारा किया गया । राज्य शासन द्वारा भामाशाह के नाम पर दानवीर भामाशाह का पुरस्कार प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है ।

समाज के महान विभूति जो न केवल समाज का अपितु समस्त प्राणी को अपने चमत्कारों से लाभान्वित किया जो छत्तीसगढ में जन्म लिए उनका विवरण है ।

राजिम माता

राजधानी रायपुर से ४५ किमी. की दूरी पर राजिम शहर स्थित है । यह भगवान विष्णु की नगरी है । मॉ राजिम महान विष्णु भक्त थी । इनका जन्म धमदास शांति देवी के यहां तैलिक परिवार में हुआ। माता राजिम की विष्णु भक्ति का उल्लेख १२ वीं सदी के प्रशास्ति पत्र में हैं। वहां के राजा ने राजिम की भक्ती से प्रसन्न होकर उस नगरी का नाम ''राजिम'' रखा । प्रत्येक ७ जनवरी को समाज के लोग राजिम जयंती मनाते है लाखों की संख्या में लोक स्वयंस्फूर्त आते है ।

संत भानेश्वरी देवी

राजनांदगांव से १० कि.मी.दूर ग्राम सिंघोला की पावन धरा पर बालिका भानुमति का जन्म ९ मई १९११ को मध्यम कृषक श्री सोमनाथ साहू के यहां हुआ। १२ वर्ष आयु में ही बालिका भानुमति की दैवीय शक्ति जागृत हुई। और शीतला मंदिर में ही निवास करने लगी । उनके स्पर्श मात्र से ही भयंकर रोग ठीक होने लगे, बहुत से चमत्कार हुए पर्व विशेष पर कीलों के पाटे पर विराजमान होकर लोगों को दर्शन देती थी। वह पाटा आज भी विद्यमान है। वह अपने महाप्रयाण को एक वर्ष पूर्व ही घोषणा कर दी थी । ३ नवम्बर १९७५ को समाधि ले ली ।

बाबा सत्यनारायण

डॉ.सेठ के द्वारा अवगत कराया गया २ मार्च का सूरत में हीरालाल जी तेली एवं विधायक पूर्णेश जी मोदी के प्रयासों से बहुत सुंदर आयोजन हुआ जिसमें सोमा भाई मोदी, डॉ.अरूण भस्में एवं विभिन्न प्रदेशों के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल हुए । म.प्र., छत्तीसगढ में मां कर्मा देवी एवं सामूहिक आदर्श विवाह के आयोजन कई जिले में हुए । उत्तर प्रदेश में विभिन्न जिलो में जिला सम्मेलन आयोजित किए गय । कई प्रदेशों में नगर पंचायत/नगर पालिका, नगर निगम, विधानसभा, लोकसभा के चुनाव संपन्न हुए जिनमें तैलिक साहू समाज की अच्छी भागीदारी रही है, जिनमें सात सांसद सदस्य निर्वाचित हुए माननीय नरेन्द्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने महाराष्ट्र तैलिक साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष सांसद चुने गए, झारखण्ड के विधायक रघुवर दास जी मुख्यमंत्री बने हैं । हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष पुन: भारी मतों से जीतकर विधायक बने हैं। आप सबके विजयी एवं महत्वपूर्ण पद पर आसीन होने से तैलिक साहू समाज के गौरव में में अभिवृद्धि हुई है । बिहार, उ.प्र., राजस्थान का प्रगति प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है।

डॉ.सेठ ने बताया कि आज राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव प्रस्तावित हैं उसके लिए स्थान, कब चुनाव संपन्न होंगे एवं चुनाव अधिकारी के मनोनीत करने पर चर्चाकर निर्णय लिया जाना है जिसमें आप सभी के सुझाव अपेक्षित है।

अध्यक्ष महोदय के चुनाव के लिए मतदाता राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी/ सदस्य एवं आजीवन सदस्य होंगे ।

इन सदस्यों को चुनाव के स्थान एवं अन्य विवरण की जानकारी भेजी जावेगी वे जब चुनाव स्थल पर आयेंगे तो उनके पास शासकीय फोटो पहचान पत्र एवं जिन सदस्यों को वर्ष २०१० के बाद बनाया गया है उन्हें जो पहचान पत्र राष्ट्रीय संगठन के द्वारा दिए गए हैं उनकी कॉपी लेकर ही उनको रजिस्टर्ड कर मतपत्र/ चुनाव गृह में प्रवेश दिया जावेगा । जैसा आप जानते हैं ११ एप्रिल २०१० को नागपुर में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया था । प्रत्येक एनईसी मेम्बर और आफिसर्स को लाइफ मेम्बर होना आवश्यक है जो आजीवन सदस्य नहीं बनें है वे तुरंत ११०० रूपये जमा कर आजीवन सदस्य बनें एवं ५०० रूपये प्रति वर्ष के हिसाब से ३ वर्ष का राष्ट्रीय कार्यकारिणी शुल्क जमा नहीं किया है तो जमा करें ।

२. श्री टीसी चौधरी रा.का.अध्यक्ष, राजस्थान- अभी तक राजस्थान में वर्ष २०१०-१५ के बीच ४ एनईसी की बैठक आयोजित की है, अगर एनईसी निर्धारित करे तो हम चुनाव भी राजस्थान में करा सकते हैं । चुनाव अधिकारी की नियुक्ति का अधिकार माननीय अध्यक्ष महोदय को दिया जाय, चुनाव मई माह में आयोजित किए जाए । राजस्थान प्रदेश के चुनाव नवम्बर माह में आयोजित हो चुके है । समाज के उत्थान हेतु सभी संगठित होकार कार्य करें ।

३. श्री रवि गोराई, रा.का.अध्यक्ष, प.बंगाल- देश में ४-५ समानांतर संगठन कार्य कर रहे हैं पर हमारा संगठन २५ प्रदेशों में समानांतर संगठन से हमारी ताकत कम होती है । अतः हमारे संगठन में रहकर कार्य करें । एक लडकी मेडीकल में पांचवें नम्बर पर प्रवेश पायी है अन्य प्रदेशों से बंगाल आगे है । चुनाव कहीं भी करायें परंतु देव स्थान शिर्डी सबसे उपयुक्त होगा ।

४. श्री रिपूसुदन साहू, राष्ट्रीय प्रभारी युवा प्रकोष्ट एवं प्रतिनिधि, झारखंड प्रदेशः- जिलों में लगातार सामाजिक उत्थान के कार्य किए जा रहे हैं। अभी एक जिला सम्मेलन हुआ जिसमें ५०-६० हजार लोग उपस्थित थे, जिनमें मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं श्री सोमाभाई मोदी पूरे समय उपस्थित रहे हैं। झारखण्ड प्रदेश के अध्यक्ष श्री तिलेश्वर साहू की जघन्य हत्या कर दी गयी है, प्रदेश के चुनाव विधिवत कुछ समय में कर पायेंगे । शिर्डी में चुनाव कराये जाएं हम सहमत हैं ।

५. डॉ.हेमराज साहू राष्ट्रीय संगठन मंत्री म.प्र. :- ५१ जिलों में से ४४ जिलों में संगठन है २७ जिलों की मतदाता सूची के नाम प्राप्त हो चुके है, प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव शीघ्र कराया जाएगा । इंदौर, जबलपुर में विराट सामूहिक परिचय सम्मेलन आयोजित हुए । म कर्मा की डाक टिकट शीघ्र जारी करवाने के प्रयास किए जाए ।

६. श्री हीरालाल साहू रा.का. अध्यक्ष, बिहार :- १ मई २०१५ को अध्यक्ष पद का चुनाव कराया जाए, चुनाव स्टेट की राजधानी में हो, सभी जगह से पहुंचने में सुविधा हो, अध्यक्ष महोदय आज ही चुनाव अधिकारी की घोषणा करें । ३ आदमी की समिति का गठन चुनाव हेतु जिनमें महासचिव, कोषाध्यक्ष एवं अन्य सक्रिय पदाधिकारी शामिल हो । चुनाव की सूचना २ माह पूर्व जारी हो। लोक सोच रहे हैं महासभा कोई काम नहीं करती है । नियम कहता है राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने क्या काम किया है कि रिपोर्ट लाना चाहिए, बजट लाना चाहिए, जिसे चुनाव से पूर्व मीटिंग में रखा जाना चाहिए ।

७. श्री रामकृष्णनैया पूर्व राष्ट्रीय महासचिव, आन्ध्र प्रदेशः- देश में काफी परिवर्तन हुआ है समाज की पीएम हो गए हैं । एक केबिनेट मंत्री और बनाया जाना चाहिए । अनुरोध है महासभा पीएम को पत्र लिखे एकबार राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मोदी जी से मिलने जाना चाहिए । सोमाभाई की जिम्मेदारी है समाज के लिए काम हों, हमने वोट दिया है, जितने के बाद सोमाभाई का व्यवहार ठीक नही हैं ।

चुनाव महाराष्ट्र में नहीं करवायें बेंगलौर, हैदराबाद में करें हम आयोजित करेंगे । पोस्टकार्ड से जानकारी भेजें । महासभा के हिसाब की बैंलेस शीट सर्कुलेट करें । आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना दोनों प्रदेश में संयुक्त प्रापर्टी का ट्रस्ट बना दिया है । दिल्ली में भवन की रजिस्ट्री हुई या नहीं की जानकारी दें । महासचिव ने अवगत कराया प्रत्येक बैठक में प्राप्ति एवं खर्चे की जानकारी दी जाती है, रायपुर में जावेगी । दिल्ली के भवन की रजिस्ट्री नहीं हुई है इस हेतु वकील से रजिस्ट्री बावत चर्चा हुई थी उन्होंने अवगत कराया प्रत्येक फ्लैट की एक साथ रजिस्ट्री करना होगा । डॉ.भस्में ने बताया शीघ्र ही कुछ नियमों में बदलाव आ रहे हैं जिनके कारण रजिस्ट्री संभव होगी ।

८. श्री हिंगणकर, रा.कोषाध्यक्ष महाराष्ट्रः- समय-समय पर लेख व्यौरा दिया गया है । शीघ्र ही ऑडिट कराकर बैलेंस शीट उपलब्ध करायी जावेगी । चुनाव एक पर्व होता है मेम्बर बढ गए हैं लोगों में जागरूकता आयी है अन्य सदस्यों ने प्रस्ताव दिए हैं परंतु शिर्डी एक ऐसा

स्थान है जह एक पंथ दो काज को जाते है जहां शिर्डी के साईबाबा के दर्शन भी हो जाते है। (उ.प्र. के रामलखन गुप्ताजी ने उठकर कहा प्रयाग में चुनाव करवाये जाने का प्रस्ताव है)

९. श्री एन.टी. राठौर, रा.उपाध्यक्ष, गुजरात :- आपने बताया सोमाभाई मोदी के साथ विभिन्न प्रदेशों में जाकर नरेन्द्र मोदी जी को जीतने के अभियान में सहयोग दिया । नरेन्द्र मोी जी से समय लेने के लिए सोमाभाई जी को अनुरोध किया था वहां सिर्फ एक व्यक्ति को मिलने की अनुमति मिलती है प्रतिनिधि मण्डल को नहीं । गुजरात में एक एमएलए पांच पार्षद हैं नरेन्द्र मोदी जी ९ हजार वर्गफीट जमीन दी हमारे कोई मंत्री नहीं है शामिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए । गुजरात में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करते हैं तो मुझे पुछना पडेगा । वैसे शिर्डी भी ठीक है ।

१०. श्री जयपाल जी, रा.उपाध्यक्ष, तमिलनाडु :- इरोड में मीटिंग कराने का प्रस्ताव दिया । मद्रास में साहू समाज की मीटिंग में, कॉलेज के समारोह में आने का समय नरेन्द्र मोदी ने नहीं दिया । चेट्टियार को वित्तमंत्री बनाये तो हमें फाइनेंस की कमी नहीं होती । चुनाव दक्षिण भारत में करायें ।

११. श्री.आर.एल.गुप्ता, राष्ट्रीय का.अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष उ.प्र.:- उ.प्र. में ८० प्रतिशत जनपदों सें संगठन है सदस्य संख्या ६५० सदस्य हैं, पांच लाख फिक्स डिपाजिट में जमा हैं । बहुत कम सूचना पर अच्छी बैठकें आयोजीत की, सोमाभाई मोदी उपस्थित थे । रा.अध्यक्ष के चुनाव पारदर्शी होना चाहिए । दिल्ली राजधानी है वहां दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष राहुल जी से बात की, उन्होंने खर्च का बजट देखते हुए असमर्थता बताई है । उ.प्र.में बनारस में मोदी जी के क्षेत्र में चुनाव करायेंगे परंतु आसानी पहुंचने के लिए शिर्डी के प्रस्ताव से मैं सहमत हूं । मई में चुनाव करायें जायें । चुनाव अधिकारी भी नियुक्त हों।

१२. श्री बलबीर साहू, उडीसा:- युवा वर्ग को आगे लाना चाहिए, उनको साथ लेकर कार्य करें, हम रिपुसूदन जी के द्वारा दिए मार्गदर्शन पर कार्य कर रहे हैं अभी तक ८ जिलों की यात्रा कर चुके हैं। हम रिपुसूदन जी का आभार मानते हुए बधाई देता हूं ।

१३. श्री चौबेराम आजाद, कुल्लू, हिमांचल प्रदेश:- हिमांचल में तेली समाज का कोई संगठन नहीं है कुल्लू एवं मनाली में लगभग २१ हजार तेली हैं, हमे इंटरनेट के माध्यम से श्री रिपुसुदून जी साहू ने जोडा हम उनके बहुत आभारी हैं । आज की बैठक में शामिल होकर गर्व से हमारा सीना चौडा हो गया है । मन में काफी कुछ है पर समय की कमी के कारण में अपना उदबोधन समाप्त करता हूं ।

१४. श्री दयानंद कश्यम, रॉची झारखण्ड:- कोई भी समाज अधूरा है जबतक अर्धाग्नि साथ नहीं बैठक में साथ लेकर आएं। नागपुर मध्य में है चुनाव नागपुर में करायें । तेली समाज अगर प्रचार नहीं करती तो मोदी पीएम नहीं बन पाते । हर प्रधानमंत्री अपनी समाज के लिए कार्य करता है, इन्हें मी करना चाहिए ।

१५. श्री लालजी गुप्ता, मुम्बई :- हम कहीं ना कहीं पीछे हो गए हैं धैर्य की आवश्यकता है । समाज संगठन में राजनीति ना हो हमें सशक्त अध्यक्ष की आवश्यकता है, समाज में जागृति उत्तेजना, हौसला है, इसे सही नेतृत्व चाहिए, जयदत्तजी क्षीरसागर अभी मंत्री पद से मुक्त हैं समाज के लिए अधिक समय दे सकते हैं । अत: माननीय जयदत्तजी क्षीरसागर को अध्यक्ष बनाया जाए । सदन ने इस कथन का ताली बजाकर स्वागत किया ।

१६. श्री मनोहर साहू म.प्र. :- चुनाव के पूर्व जिन्होंने अपनी सदस्यता शुल्क नहीं दी है वे जमा करें चुनाव छिंदवाडा में भी कराये जा सकते हैं परंतु, चुनाव शिर्डी में कराये जाए या अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया जाए उसके लिए भी सहमत हैं । दिल्ली स्थित भवन पर चर्चा करते हुए बताया सारे व्यवहारों पक्षों को देखते हुए धरातल पर लाने में काफी दिक्कत होती है।

१७. श्री सुरेश साहू:- श्री जयदत्तजी क्षीरसागर को आगे

भी रा.अध्यक्ष बनाया जाए । सदन ने ताली से स्वागत किया । आपने सुझाव दिया चुनाव अधिकारी एवं किस स्थान पर चुनाव होंगे के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय स्वयं निर्णय लें ।

१८. श्री आनंदकुमार, राष्ट्रीय का.अध्यक्ष, बिहार :- माननीय जयदत्तजी क्षीरसागर को बिधायक पद पर जितने के लिए बधाई दी । बिहार प्रदेश के तैलिक जाति की २५ अप्रैल को गांधी मैदान में बडी रैली होने वाली है। बिहार में ५ प्रतिशत तैलिक साहू हैं जो ग्रासरूट तक जुडे हैं । आने वाले चुनाव में ४-५ बिधायक जुडकर आयेंगे । रिपुसूदन जी को धन्यवाद उन्होंने युवा संगठन के लिए काफी कार्य कर रहे हैं। मैं झारखण्ड का संगठन ऐसा मजबूत कर दूंगा कि कम से कम १५ बिधायक आयेंगे । आगामी चुनाव के पूर्व आय-व्यय पत्रक जारी किया जाय । वोटर लिस्ट का प्रकाशन मैगजीन के द्वारा मेम्बर की जानकारी दी जावे । चुनाव के १ माह पूर्व तक ही आजीवन सदस्य बनाये जाय । उसके बाद की रसीद वाले आजीवन सदस्यों को वोटिंग का अधिकार ना हो । भवन की रजिस्ट्री शीघ्र करायी जाय । चुनाव सितंबर से नवम्बर से मध्य कराए जाएं । चुनाव का स्थान महाराष्ट्र से बाहर कहीं भी हो बिहार प्रदेश तैयार है, नालंदा, राजगीर, बौधगया में चुनाव कराये जा सकते हैं । हिसाब की बैलेंस शीट कोषाध्यक्ष शीर्घ प्रस्तुत करें ।

१९. श्री शौकिन राठौर, अध्यक्ष राजस्थान प्रदेशः- चुनाव नवम्बर माह में संपन्न हुए हैं शीघ्र ही सभी जिलों में चुनाव कराये जायेंगे । राजस्थान अगर रा.अध्यक्ष का चुनाव कराये तो हम तैयार हैं परंतु यदि शिर्डी में हो तो हम तैयार हैं ।

२०. श्री जयदत्त क्षीरसागर, राष्ट्रीय अध्यक्षः- रा.अध्यक्ष महोदय ने सबका स्वागत करते हुए बैठक के व्यवस्थित आयोजन के लिए आयोजन समिति, नवरतनजी एवं उनकी टीम को धन्यवाद देते हुए आभार माना । आज की बैठक में हिमाचल उडिसा के प्रतिनिधि आएं हैं इससे लगते है संगठन से लोग जुड रहे हैं । संगठन में आमदनी अठ्ठनी एवं खर्चा १ रूप्या है फिर भी समय- समय पर खर्च एवं प्राप्ति की जानकारी दी गयी है । शीघ्र ऑडिटेड बैलेंस शीट प्रस्तुत की जाना चाहिए । भवन की पॉवर आफ एटार्नी हीरालाल जी के नाम शीघ्र रजिस्ट्री की कार्यवाही होनी चाहिए । चुनाव आदि के कारण इसबार ८-९ माह बाद किशनगढ मारवल नगरी में मिल रहे हैं । चुनाव पारदर्शी होना चाहिए । पूरी लिस्ट घोषण की जायेगी, व्हाटएप, एसएमएस एवं ई-मेल से लिस्ट भेजी जायेगी, मुझे लगता है विभिन्न पदों पर जो कार्य करना चाहे वह आगे आए । इस संगठन को आगे लेकर जाना है । वन मैन संगठन बनते हैं और मिट जाते हैं १७ मई रविवार को चुनाव कराये जाएं, स्थान की उपयुक्तता/ उपलब्धता एवं चुनाव अधिकारी की नियुक्ति जल्द की जा सकेगी । चुनाव का पत्र जारी होने तक जो सदस्य होंगे वही मतदाता होंगे । मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं चुनाव पूरा पारदर्शी होगा ।

जयदत्त क्षीरसागर	**डॉ.प्रकाश सेठ**
(अध्यक्ष)	(राष्ट्रीय महासचिव)

उत्तरप्रदेश तैलिक साहू महासभा के प्रदेश महासचिव द्वारा प्रेषित वार्षिक रिपोर्ट

प्रादेशिक महासभा की बैठक माननीय श्री साहू रामलाल गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षा में दिनांक ९/६/२०१३ को साहू भवन बलिया में सम्पन्न हुई जिसमें सीतामढी (बिहार) के विधायक मा.श्री मोतीलाल साहू मुख्य अतिथि सर्व श्री कैलाश साहू पूर्व विधाकय झांसी व श्री राधेश्याम साहू पूर्व पी.सी.एस. पूर्व मुख्य विकास अधिकारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विचारणीय बिन्दूओं पर विचार विमर्श करने के उपरान्त दि.१५ दिसम्बर २०१३ को वाराणसी में स्थानीय इकाई के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर प्रान्तीय सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया। इस सम्बन्ध में इन स्थानों के अध्यक्षों से शीघ्र अपनी सहमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया। अधिक समय से लम्बित जनपदीय चुनाव शीघ्र कराने का निर्णय लिया गया। पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रामलखन गुप्ता के प्रस्ताव पर रिक्त चल रहे पदों पर श्री संगमलाल गुप्ता को प्रान्तीय कार्यवाहक अध्यक्ष, श्री अर्जुन प्रसाद गुप्ता को इलाहाबाद का जिला अध्यक्ष, एवं श्री रामजी गुप्ता को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनयन किया गया। पूर्व विधायक श्री कैलाश साहू द्वारा अखिल भारतीय साहू राठौर अफीसर्स के नाम से एक वेब साइट बनाये जाने की सूचना देते हुये सभी लोगों से अपने अपने क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची देने का अनुरोध किया। मुख्य अतिथि श्री मोतीलाल साहू स्वजातियों से अधिक से अधिक चुनाव में भाग लेने का अनुरोध किया और अन्त वैश्य समाज के लोगों से भी जुडने का मंत्र लिया जिससे चुनाव में सकारात्मक परिणाम प्राप्त किया जा सके। प्रान्तीय अध्यक्ष/ राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष मा.रामलाल गुप्ता ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए लखनऊ में महासभा भवन बनवाने हेतु अधिक से अधिक लोगों से आर्थिक सहयोग देने का अनुरोध किया। डॉ.आर.पी.गुप्ता बलिया द्वारा रू.२५०००/- एवं राम लखन गुप्ता इलाहाबाद द्वारा ११०००/- का सहयोग दिये जाने पर अध्यक्ष जी ने साधुवाद देते हुए घोषणा किया कि सभी दानदाताओं का नाम दान के अनुरूप शिलालेख पर अंकित कराया जायेगा। छोटे जनपदों से एक लाख तथा बडे जनपदों से दो लाख तथा महानगरों से पाच लाख रूपया वसूल जाने का लक्ष्य तय किया गया। यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रत्येक पदाधिकारी प्रत्येक माह पाच सदस्य अवश्य बनाये।

दि.१/०९/२०१३ को शाजहांपूर की बैठक में वाराणसी में आयोजीत प्रदेश सम्मेलन दिनांक १५ दिसम्बर २०१३ में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने एवं सहयोग देने का अनुरोध किया गया। राजधानी लखनऊ में ही महासभा भवन बनाने पर जोर देते हुए उपस्थित लोगों ने इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। यह भी तय हुआ कि जो पार्टिया अपने समाज को महत्व न दें उनका विरोध किया जाय। बच्चों की शिक्षा व संगठन में महिलओं की सक्रीय भागीदारी पर जोर दिया गया।

दि.२/१०/२०१३ को गांधी जयन्ती के अवसर पर विभिन्न जनपदों में प्रभात फेरी, गांधी दर्शन पर व्याख्यान, आकर्षक जलूस एवं झांकियां निकाली गयी। मिर्जापूर एवं वाराणसी के कार्यक्रमों में माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू रामलाल गुप्ता द्वारा सक्रीय रूप से भागीदारी की गयी।

दि.१५/१२/२०१४ को साहू समाज वाराणसी द्वारा अपना स्वर्ण जयंती कार्यक्रम बनाया गया। इसी के साथ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी आयोजीत की गयी। शासन एवं हाईकोट द्वारा जातीय सम्मेलनों पर रोक लगने एवं अनुमति न मिल पाने के कारण श्री जगदीश

साहू वाराणसी की अध्यक्षता में स्वर्ण जयंती समारोह साहू भवन नाटी इमली वाराणसी में प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिती में बनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि झारखण्ड प्रदेश के कृषि मंत्री मा.योगेन्द्र प्रसाद साहू थे। राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्री रिपुसूदन साहू के अलावा प्रदेश के अधिकारी पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष मा.साहू रामलाल गुप्ता की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। कुछ समय के अन्तराल पर कुछ लोगो द्वारा प्रान्तीय युवा अध्यक्ष श्री जय प्रकाश साहू के प्रति असंसदीय भाषा का प्रयोग करने एवं शोरगुल करने, कार्यवाही बाधित करने के फलस्वरूप बैठक अनिश्चित काल के लिए अस्थगित कर दी गयी।

दि.३० मई २०१४ को विगत वर्षो की भांति होली मिलन कार्यक्रम एवं समारोह सम्मान का आयोजन किया गया।

दि.१३/०४/२०१५ को लखनऊ में बुद्धिजीवी संगोष्ठी एवं मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू रामलाल गुप्ता के नेतृत्व में ११ सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह से मिला। और समाज के लोगों कोअधिक से अधिक हक दिलाने का अनुरोध किया। दि.२७ एप्रिल २०१४ को फैजाबाद में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ने किया। मुख्य अतिथि श्री चन्द्रशेखर साहू, कृषि मंत्री रहे। दिनांक २८ अप्रैल २०१४ को लखनऊ मतदाता जागरूकता अभियान एवं बुद्धिजीवी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथी मा.चंद्रशेखर साहू कृषि मंत्री छत्तीसगढ रहे। इसी क्रम में दिनांक ३ मई को वाराणसी में श्री सोमभाई मोदी के साथ दि.०४ मई के जौनपुर, आजमगढ एवं मऊ में क्रमश: ५ व ६ मई को आयोजन किया गया और मतदान के लिए प्रेरित किया गया। सभी गोष्ठियों के आयोजन में मुख्य भूमिका प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू रामलाल गुप्ता की थी।

पूर्व प्रस्तावित प्रदेश अध्यक्ष के मिर्जापूर के चुनाव कतिपय कारणों से स्थगित होने के परिणाम स्वरूप ७ सितम्बर २०१४ को लखनऊ में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसमें नये सिरे से सदस्य बनाकर लखनऊ में ही चुनाव कराने पर बल दिया गया। चुनाव की तिथि २१ दिसम्बर २०१४ निश्चित की गयी। जिसकी सूचना राष्ट्रीय पदाधिकारियों को देते हुए पर्यवेक्षक भेजने का अनुरोध किया गया।

दिनांक २१ दिसम्बर २०१४ को एकता सदन डिप्लोमा इंजिनिअर संगठन जल निगम अतिथि गृह में अध्यक्ष के चुनाव की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी इ. रामशरण गुप्त ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री लक्ष्मन प्रसाद पूर्व पुलिस महानिदेशक की उपस्थिती में चुनाव की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए सहयतार्थ श्री मोहन साहू बांदा एवं श्री सतीश साहू इलाहाबाद का सहयोग लिया। घंटो चुनावी कार्य सकुशल चलने के उपरान्त कुछ लोगों द्वारा हंगामा करने, उपस्थिति पंजिका फेंक देने, बैलेट बॉक्स में पानी डालने एवं तोड देने के कारण अव्यवस्था फैल गयी। फलस्वरूप मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा चुनाव निरस्त कर दिया गया। काफी अनुरोध के बावजूद राष्ट्रीय पर्यवेक्षक के रूप में कोई नही आ पाया। चुनाव में लगभग ४५० संरक्षक, विशिष्ट, आजीवन, त्रैवार्षिक एवं वार्षिक सदस्य उपस्थित हुए। सभी लोगों के भोजन इत्यादी की व्यवस्था की गयी थी।

उपरोक्त के अतिरिक्त विभिन्न जगहों के साहू समाज द्वारा होली मिलन, प्रतिभा सम्मान समारोह, डा. कर्मा बाई जयन्ती, सामुहिक विवाह, इत्यादि का आयोजन किया गया और सदस्यता अभियान चलाकर महासभा के लगभग ४०० सदस्यों से संख्या बढाकर लगभग ६५० किया गया।

यशपाल गुप्ता
प्रदेश महासचिव

अ.भा. तैलिक साहू महासभा के संविधान की स्थिति एवं संगठन के चुनाव बावत्

१. मेरे पास उपलब्ध संविधान की प्रति के अनुसार राष्ट्रीय संगठन का रजिस्ट्रेशन 'अखिल भारतीय तैलिक वैश्य महासभा के नाम से हुआ है जिसका क्रमांक एस-१७७८१ है जो लगभग वर्ष १९८६ से लागू है। (संलग्नक-एक)

(अ) इस विधान में दिये प्रावधान के नियम ६.१ के अनुसार- प्रबंध कार्यकारिणी पदाधिकारियों/ सदस्यों का निर्वाचन राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति बहुमत से करेगी एवं सामान्य सभा बहुमत से इसका अनुमोदन करेगी. प्रबंध कारिणी का कार्यकाल निर्वाचन की तिथि से २ वर्ष का होगा।

(ब) महासभा के सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकारिणी समिति के सदस्य उस समय तक पदासीन रहेंगे जब तक उनके स्थान पर नव निर्वाचन नहीं हो जाता है। नियम १९ (ख) के अनुसार निर्णय लेने के विशेष अधिकार अध्यक्ष को रहेंगे।

२. वर्ष २००१-०२ में उक्त संविधान की समीक्षा हेतु एक समिति गठित की गई थी जो निम्नलिखित थी-

१. श्री लक्ष्मण प्रसाद (आई.पी.एस.) सेवा निवृत्त- अध्यक्ष

२. श्री रामलखन गुप्ता, इलाहाबाद- सचिव

३. श्री. पी.रामकृष्णैया , हैदराबाद- सदस्य

४. श्री हीरालाल साहू, पटना- सदस्य

५. श्री एम.आर.चौधरी, नंदुरवार- सदस्य थे।

उक्त रिपोर्ट की फोटो प्रति मेरे पास उपलब्ध है, जिसमें १, २ एवं ३ अध्यक्ष एवं सदस्यों के हस्ताक्षर हैं, ४ एवं ५ के नहीं हैं। (संलग्नक- दो) इस रिपोर्ट के नियम ७.१ के अनुसार प्रबंध समिति के पदाधिकारियों का चयन (महासचिव के अलावा) राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति बहुमत के आधार पर करेगी तथा इसका अनुमोदन तीन माह के भीतर सामान्य सभा द्वारा प्राप्त किया जावेगा। इस रिपोर्ट के नियम ७.२ के अनुसार जो मुख्य अनुशंसा थी उसमें कार्यकाल २ वर्ष होगा जो एनईसी द्वारा ६ माह बढाया जा सकता है। इस रिपोर्ट के नियम ७.३ के अनुसार कोई भी व्यक्ति दो बार से अधिक अध्यक्ष पद पर नहीं रहेगा।

३. संविधान समीक्षा समिति की उक्त रिपोर्ट एन.ई.सी.की दिनांक ११.६.२००६ की दिल्ली में आयोजित बैठक में प्रस्तुत हुई थी, जिसमें सुझाव आये थे-

(अ) महासभा के अध्यक्ष की अवधि २ वर्ष से ३ वर्ष कर दी जाये।

(ब) अध्यक्ष का टर्म पूर्व की भांति दो बार ही रहेगा।

(स) महासचिव की नियुक्ति अध्यक्ष अपने विवके से करेंगे।

महत्वपूर्ण:- दिनांक ११.६.२००६ की बैठक के कार्यविवरण (संलग्नक-तीन) का अनुमोदन पांडिचेरी में आयोजित बैठक दिनांक ३.१२.०६ में कराया गया था। (नोट-बैठक ११.६.२००६ में संविधान बावत बैठक में जो सुझाव आये थे उन्हें प्रस्ताव के रूप में पांडिचेरी की बैठक में प्रस्तुत करना था जो नहीं किये गये थे विचारणीय बिंदु है) (संलग्नक- चार) उक्त संविधान समीक्षा समिति की रिपोर्ट को सामान्य सभा में अनुमोदित कराना था जो नहीं कराया गया। सामान्य सभा में अनुमोदित रिपोर्ट को दुसरी सामान्य सभा की बैठक में अनुमोदित कराना था, वह नहीं कराया गया है।

मुझे वर्ष १९८६ से लागू विधान एवं संशोधित संविधान का तुलनात्मक प्रपत्र अहस्ताक्षरित मिला था। इस प्रकरण को रजिस्ट्रार ऑफीस पत्र दिनांक १६.०३.२०११ के द्वारा जमा किया गया था। (संलग्नक-पाँच) पुन: पत्र दिनांक ०१.०६.२०११ के द्वारा स्मरण पत्र भी भेजा गया था (संलग्नक- छ:)। इस कार्य को करने के लिए सुनील गोयल (एडव्होकेट), नई दिल्ली को अधिकृत किया गया था। श्री गोयल ने दिनांक २३.०६.२०११ को पत्र द्वारा

कुछ जानकारी चाही थी (संलग्नक-सात)। वे जानकारी पत्र क्रमांक २१७ दिनांक ०९.०८.२०११ के द्वारा उनके माध्यम से रजिस्ट्रार कार्यालय को प्रस्तुत की गयी थी (संलग्नक-आठ) पुनः तीन बिंदुओं पर चाही जानकारी में से दो बिंदुओं की जानकारी श्री सुनील गोयल को पत्र क्रमांक ३७३ दिनांक ०७.१२.२०११ के द्वारा प्रस्तुत की गयी थी (संलग्नक-नौ) श्री गोयल एडव्होकेट नई दिल्ली से डॉ.भस्मे के साथ विस्तृत चर्चा की गयी। श्री गोयल ने बताया प्रथम सामान्य सभा के कार्य विवरण का अनुमोदन द्वितीय सामान्य सभा में आवश्यक है।

उक्त बात को ध्यान में रखते हुये दिनांक ११ दिसम्बर २०१० को कोजिकोडे की सामान्य सभा की बैठक में वर्ष २०१० की एनईसी की बैठकों एवं २००६ की दिल्ली में आयोजीत बैठक पर चर्चा की गई जिसमे अध्यक्षपद पर सिर्फ दो बार की शर्त हटाने एवं १४ सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं १० जोन के पदों को जोडने का अनुमोदन प्राप्त किया गया जिसका सदन ने एवं मंचासीन पदाधिकारियों ने अनुमोदन किंया। इस सामान्य सभा के कार्यविवरण सभी पदाधिकारियों एवं आजीवन सदस्यों को पत्र १६६ दिनांक ०८.०१.११ के द्वारा उपलब्ध कराये गये थे एवं विवरण महासभा समाचार के अंक जुलाई १० मार्च २०११ में पेज २५-३० पर प्रकाशित किये गये थे (संलग्नक- दस एवं ग्यारह)। इन पर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई थी। पुनः दिनांक २९.१२.२०११ को आयोजीत सामान्य सभा में, दिनांक ११.१२.२०१० को आयोजीत सामान्य सभा के कार्यविवरण अनुमोदित कराये गये थे। जिनका सदन ने अनुमोदन किया था जो पुनः एनईसी के पदाधिकारियो, सदस्यों एवं आजीवन सदस्यों को भेजे गये थे (संलग्नक बारह)।

इसके उपरांत पूर्ण जानकारी विधान संशोधन हेतु जानकारी पत्र क्र.४०८ दिनांक १४.०१.१२ के द्वारा रजिस्ट्रार कार्यालय को सुपूर्द करने श्री गोयल को भेज दी गयी थी (संलग्नक- तेरह)।

अत्यंत महत्वपूर्णः-

१. वर्ष १९८६ में संशोधित विधान में अध्यक्ष कितनी बार रहेगा का प्रावधान नहीं है।

२. एनईसी की बैठक ११.०६.२००६ में सिर्फ सुझाव प्राप्त हुए थे (संलग्नक-तीन)। दिनांक ११.०६.२००६ को पांडिचेरी की बैठक (०३.१२.२००६) में संशोधित संविधान समीक्षा समिति की अनुशंसाओं को प्रस्ताव के रूप में प्रस्तुत कर अनुमोदित नहीं कराया गया है (संलग्नक-चार)।

३. संविधान की स्थिति की वस्तुस्थित आपके समक्ष प्रस्तुत है।

झारखंड राज्य में आयोजित कार्यक्रम

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा झारखंड प्रदेश के बैर तले जिला तेली समाज, गुमला ने तेली महाजतरा व सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन १४.०२.२०१५ को किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथी श्री.सोमा भाई मोदीजी (गुजराथ) थे । कार्यक्रम का उद्घाटन श्री.रघुबर दास झारखण्ड के मुख्यमंत्री दीप प्रज्वलन से किया । विशिष्ट अतिथी झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष दिनेश उरांव, केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रिपुसूदन साहू, बिहार साहू समाज के पुर्व अध्यक्ष डॉ.सी.एन. गुप्ता, विधायक ढुलू महतो, विधायक शिवशंकर उरांव, विधायक विमला प्रधान, श्रीमती साबी देवी, केंद्रीय अध्यक्ष सी टी यु एस बलिराम साहू, उपाध्यक्ष हीरा साहू, जि.प.उपाध्यक्ष उषा देवी सहित तमाम जिलों के जिला अध्यक्ष एवं हजारों की तादाद में समाज बंधू आदी थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुनेश्वर साहू व संचालन प्रवक्ता कलिन्द्र साहु ने की । कार्यक्रम की सफलता मे संरक्षक सह वरिष्ठ भाजपा नेता भूपन साहू, महामंत्री शिवनरायण साहू, कोषाध्यक्ष हीरा साहू, उपाध्यक्ष दिनेश्वर प्रसाद, निलाम्बर साहु, महिला जिला अध्यक्ष बसंती देवी ने प्रमुख भूमिका अदा की । अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा दिल्ली प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एस.राहुल ने कार्यक्रम के सफलता हेतु शुभकामनायें दी ।

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा का संशोधित संविधान (प्रस्तावित) का स्मृति पत्र

१. संस्था का नाम- इस संस्था का नाम अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा होगा।

२.संस्था का कार्यालय- संस्था का केन्द्रिय पंजिकृत कार्यालय महासभा भवन, ए-२९ दयानंद कालोनी. लाजपत नगर, नई दिल्ली- ११००२४ में होगा। इसके साथ ही अध्यक्ष एवं महासचिव के आवास पर भी कार्यालय होगा। महासभा से तात्पर्य अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा से होगा।

३.कार्यक्षेत्र- महासभा का कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत होगा ।

उद्देश-

१.स्वजातीय लोगों में शिक्षा-विज्ञान का प्रचार एवं प्रसार तथा उसके निर्वाह का उपाय करना।

२. तैलिक स्वजातीय शाखाओं तथा उपशाखाओं के भेदभाव को मिटाकर एकता तथा संगठन के सूत्र में बांधना। अंतप्रांतीय तथा अंतशाखा विभागों को प्रचलन करना।

३.स्वजातीय लोगों की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, नैतिक, शारीरिक शैक्षणिक उन्नति के लिए प्रयास करना।

४.स्वजातीय लोगों में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास का उन्मूलन करना।

५.स्वजातीय महिला वर्ग में जागृति उत्पन्न करना। नारी शिक्षा का प्रसार करना।

६. स्वजातीय लोगों को विभिन्न उद्योग धंधों के प्रति प्रेरित करना तथा प्रशिक्षण देना।

७. भारतीय संविधान सतत नागरिकों के अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति लोगों का जागृत करना।

सामाजिक, जातिगत एवं अर्थिक असमानता के कारण ऊंच-नीच को दूर करना।

८. देश के भाषा एवं प्रांत के आधार पर संक्रीणता की भावना को समाप्त करना।

९.स्वजातीय में परस्पर स्नेह तथा सहयोग की भावना उत्पन्न करना।

१०. भारत के विभिन्न राज्यों में विभिन्न नामों से चल रही स्वजातीय संस्थाओं को महासभा से संबंध करना एवं एक सूत्र में बांधना।

११. स्वजातीय संस्थओं, विद्यालयों, धर्मशालाओं, मंदिरों एवं अन्य संपत्तियों का संरक्षण करना।

१२. देश में सामाजिक एकता एवं धार्मिक सहिष्णुता की भावना का प्रसार करना।

१३. समाज में मानवीय एवं सामाजिक नैतिक मूल्यों के हास को रोकना तथा स्वस्थ समाज की स्थापना में सहयोग करना।

१४. समाज में जाति धर्म, लिंग, व्यवसाय के आधार पर असमानता की भावना को समाप्त करने का प्रयास करना।

जयदत्त क्षीरसागर (अध्यक्ष)

डॉ.प्रकाश सेठ (महासचिव)

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा का संशोधित संविधान (प्रस्तावित)

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा का संशोधित संविधान (प्रस्तावित)

१. संस्था का नाम- इस संस्था का नाम अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा होगा।

२.संस्था का कार्यालय- संस्था का केन्द्रिय पंजिकृत कार्यालय महासभा भवन, ए-२९ दयानंद कालोनी. लाजपत नगर, नई दिल्ली- ११००२४ में होगा। इसके साथ ही अध्यक्ष एवं महासचिव के आवास पर भी कार्यालय होगा। महासभा से तात्पर्य अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा से होगा।

३.कार्यक्षेत्र- महासभा का कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत होगा ।

उद्देश-

१.स्वजातीय लोगों में शिक्षा-विज्ञान का प्रचार एवं प्रसार तथा उसके निर्वाह का उपाय करना।

२. तैलिक स्वजातीय शाखाओं तथा उपशाखाओं के भेदभाव को मिटाकर एकता तथा संगठन के सूत्र में बांधना। अंतप्रांतीय तथा अंतशाखा विभागों को प्रचलन करना।

३.स्वजातीय लोगों की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, नैतिक, शारीरिक शैक्षणिक उन्नति के लिए प्रयास करना।

४.स्वजातीय लोगों में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास का उन्मूलन करना।

५.स्वजातीय महिला वर्ग में जागृति उत्पन्न करना। नारी शिक्षा का प्रसार करना।

६. स्वजातीय लोगों को विभिन्न उद्योग धंधों के प्रति प्रेरित करना तथा प्रशिक्षण देना।

७. भारतीय संविधान सतत नागरिकों के अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति लोगों का जागृत करना।

सामाजिक, जातिगत एवं अर्थिक असमानता के कारण ऊंच-नीच को दूर करना।

८. देश के भाषा एवं प्रांत के आधार पर संक्रीणता की भावना को समाप्त करना।

९.स्वजातीय में परस्पर स्नेह तथा सहयोग की भावना उत्पन्न करना।

१०. भारत के विभिन्न राज्यों में विभिन्न नामों से चल रही स्वजातीय संस्थाओं को महासभा से संबंध करना एवं एक सूत्र में बांधना।

११. स्वजातीय संस्थओं, विद्यालयों, धर्मशालाओं, मंदिरों एवं अन्य संपत्तियों का संरक्षण करना।

१२. देश में सामाजिक एकता एवं धार्मिक सहिष्णुता की भावना का प्रसार करना।

१३. समाज में मानवीय एवं सामाजिक नैतिक मूल्यों के हास को रोकना तथा स्वस्थ समाज की स्थापना में सहयोग करना।

१४. समाज में जाति धर्म, लिंग, व्यवसाय के आधार पर असमानता की भावना को समाप्त करने का प्रयास करना।

४.१ (क) सदस्यता- यैसे सदस्यों की वार्षिक सदस्यता शुल्क रूपये ५१/-होगा। अन्य पूर्ववत रहेगा।

(ख) संरक्षक- जो सजातीय व्यक्ति महासभा को कम से कम ए मुश्त रूपये २५०००/- (पच्चीस हजार) देंगे वे महासभा के संरक्षक सदस्य होंगे।

(ग) आजीवन सदस्य- जो सजातीय व्यक्ति महासभा को ११००/- रूपये (ग्यारह सौ रूपये) एक मुश्त देंगे वे महासभा के आजीवन सदस्य होंगे (नोट- महासभा के पूर्व संरक्षक एवं आजीवन सदस्य यथावत रहेंगे)

(घ) सक्रिय सदस्य- विशेष वार्षिक सदस्य हेतु जो व्यक्ति महासभा को २५१/- रूपये वार्षिक सदस्यता शुल्क देंगे।

४.२ सदस्यता की समाप्ति- निम्नलिखित किसी भी आधार

पर महासभा की सदस्यता समाप्त मानी जावेगी।
१. जब सदस्य की मृत्यु हो जाय।
२. जब सदस्य स्वयं ही त्याग-पत्र दे दें।
३. जब सदस्य निर्धारित समय पर चंदा न जमा करे।
४.जब कोई सदस्य अनुचित कार्य/ व्यवहार करे जो प्रबंध कार्यकारिणी (कार्यकारिणी समिति) के मत में न हो।
५. सामान्य सभा- महासभा के सभी साधारण सदस्य, संरक्षक सदस्य, आजीवन सदस्य, प्रबंध समिति एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, महासभा की सामान्य सभा के सदस्य होंगे।
५.१ - सामान्य सभा के अधिकार एवं कर्तव्य
(क) महासभा के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की पूर्ति हेतू प्रबंध समिति एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति को सुझाव देना और इसके क्रियान्वयन में सहयोग देना ।
(ख) प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के नामों का अनुमोदन करना।
(ग) सामान्य सभा की बैठक प्रति वर्ष में एकबार अवश्य होनी चाहिए।
५.२ सामान्य सभा के सदस्यों के अधिकार एवं विशेषाधिकार- महासभा के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की पूर्ति हेतु बैठकों में भाग लेना और सुझाव देना, निर्वाचन/ अनुमोदन में भाग लेना। तथा महासभा के नियमों एवं अनुशासन का पालन करना ।
५.३ सामान्य सभा की सूचना तथा गणपूर्ति- सामान्य सभा की गणपूर्ति उसके कूल सदस्यों की एक तिहाई होगी। बैठक की सूचना बैठक की तिथि से एक गाव पूर्व डाक द्वारा भेजी जायेगी परंतु विशेष आकस्मिक बैठक की सूचना कम से कम ३० दिन पूर्व भेजी जा सकती है। बैठक के दिन गणपूर्ति के अभाव में अध्यक्ष बैठक को स्थगित कर सकते हैं और पुन: ३० मिनट बाद उसी दिन बैठक आहूत कर सकते हैं जिसमें गणपूर्ति नहीं देखी जावेगी परंतु इस बैठक में कम से कम ५० सदस्यों की उपस्थिति होनी चाहिए और प्रत्येक क्षेत्र (अनुच्छेद के अनुसार) से कम से कम ५ सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।
६. प्रबंध समिति-
अध्यक्ष-१
कार्यकारी अध्यक्ष- १० क्षेत्रवार
उपाध्यक्ष- १०
महामंत्री-१
अतिरिक्त महामंत्री-१
संगठन मंत्री-१०
क्षेत्रवार अनुच्छेद-१५ (२) के अनुसार

६.१ प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का अनुमोदन (महासचिव एवं कोषाध्यक्ष को छोडकर) राष्ट्रीय कार्यकारिणी करेंगी। प्रबंध कार्यकारिणी की अवधि निर्वाचन तिथि से ३ वर्ष होगी।
७. राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति- (१) महासभा के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की पूर्ति हेतु एक राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन होगा। इस समिति की बैठक प्राय: तीन माह में एक बार होगी। इस समिति में प्रत्येक राज्य से अधिकतम १० सदस्य होंगे जिनमें से सात सदस्यों की राज्यों की प्रांतीय सभाएं चयनित करेंगी तथा शेष तीन सदस्यों का मनोनयन महासभा के अध्यक्ष द्वारा होगा। समिति में महिलाओं एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित प्रतिनिधित्व का ध्यान रखना जरूरी होगा। महासभा के संरक्षक सदस्य एवं प्रबंध समिति के पदाधिकारीगण भी इसके सदस्य होंगे। आवश्यकता पडने पर अध्यक्ष से अनुमति लेकर महामंत्री विशेष आकस्मिक बैठकें बुला सकते हैं। गणपूर्ति ना होने पर ३० मिनट बाद बैठक की जा सकेगी परंतु इसमें कम से कम १० सदस्यों का होना और प्रत्येक कार्यकारी अध्यक्ष छ: से एक सदस्य रहना आवश्यक होगा। विशेष आवश्यकता पडने पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष छ: से एक सदस्य रहना आवश्यक होगा। विशेष आवश्यकता पडने पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति महासभा का विशेष अधिवेशन आमंत्रित कर सकती है। समिति किसी विशेष कार्य के लिए अपने सदस्यों तथा विशेष गुण रखनेवाले अन्य स्वजातीय लोगों

को मिलाकर उपसमिति नियुक्त कर सकती है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की सूचना महामंत्री सदस्यों के पास कम से कम २१ दिन पूर्व भेजेंगे।

(२) अध्यक्ष एवं महामंत्री अन्य किसी भी सदस्य को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में कार्यकारिणी समिति की बैठक में बुला सकते है, किंतु यैसे आमंत्रित सदस्यों को मत देने का अधिकारी नहीं होगा।

(३) राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति का कार्य महासभा के उद्देश्यों व लक्ष्यों की पूर्ति एवं निर्वाह करना, पदाधिकारियों का अनुमोदन करना, आय व्यय विवरण को स्वीकृत करना तथा महासभा के अन्य निर्णयों को कार्यरूप में परिणित करना है।

(४) अध्यक्ष को महासभा के कार्य से आने जाने पर मार्ग व्यय महासभा के फंड से धन की उपलब्धता होने पर दिया जा सकता है। कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री एवं अन्य मंत्रियों को अध्यक्ष की पूर्व अनुमति पर महासभा के कार्य से आने जाने के लिए मार्ग व्यय आदि महासभा के कोष से दिया जा सकता है परंतु किसी को भी बस अथवा रेल साधारण शयन श्रेणी से अधिक भाडा देय नहीं होगा।

(५) किसी पदाधिकारी का स्थान आकस्मिक रूप से रिक्त हो जाने पर समिति के बहुमत के आधार पर उसकी पूर्ति करने का अधिकार होगा।

(६) यदि किसी समय कोई यैसी स्थिती उत्पन्न हो जाय जिसका निर्वाह नियमावली के किसी भी नियम से न होता हो तो उस अवस्था में प्रबंध समिति को उचित निर्णय लेने के लिए विशेष अधिकार होगा परंतु उसके बाद उस निर्णय का अनुमोदन राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति से तीन माह के अंदर लेना होगा ।

७.१ प्रबंध समिति के पदाधिकारियों का चयन- प्रबंध समिति के पदाधिकारियों (महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष को छोडकर) उनका अनुमोदन राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति बहुमत के आधार पर करेगी तथा इसका अनुमोदन सामान्य सभा द्वारा तीन माह के भीतर प्राप्त किया जायेगा।

७.२ कार्यकाल- प्रबंध समिति का कार्यकाल निर्वाचन के अनुमोदन के तिथि से तीन वर्ष होगा लेकिन विशेष परिस्थिति में राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति द्वारा एकबार अधिकतम छः महिनों तक बढाया जा सकता है।

८. महासभा संगठन में निम्नलिखित संस्थाएं होगी-

१. अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की सामान्य सभा।

२. अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति।

३.महासभा की प्रबंध समिति।

४. महासभा की प्रांतीय सभाएं।

५. महासभा का युवा संगठन।

६. महासभा का महिला संगठन।

७. स्नेही समाज संगठन।

८.१ युवक महिला एवं स्नेही समाज संगठन पर सामान्य नियंत्रण राष्ट्रीय कार्य समिति का रहेगा, परंतु दिन प्रतिदिन के अपने कार्यो हेतु वे स्वतंत्र होंगे। महासभा के किसी नियम का उल्लंघन नहीं करते हुए अनुशंगिक संस्थाएं अर्थात महिला, युवक एवं स्नेही समाज संस्थाएं अपने व्यवहार एवं कार्य संचालन हेतू पृथक नियम बना सकते हैं। इन नियमों की स्वीकृति प्रबंध समिति से लेनी होगी।

८.२. (क) महासभा के अधिवेशन- महासभा का अधिवेशन उन तिथियों तथा स्थानों पर हुआ करेगा जिसकी स्वीकृति पूर्व अधिवेशन अथवा राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति द्वारा मिल गयी है।

(ख) आवश्यकता होने पर महासभा का विशेष अधिवेशन कार्यकारिणी समिति द्वारा स्वीकृति मिलने पर हो सकता है।

९. जिला तथा प्रांतीय सभाएं- एक जिले के इलाके में जितनी स्थानीय सभाएं होंगी व मिलकर एक जिला सभा का संगठन करेंगी। तथा एक प्रांत के इलाके में जितनी जिला सभाएं होगी वे मिलकर एक प्रांतीय सभा

का गठन कर सकती है। महासभा से संबंध होने के लिए प्रांतीय सभा ५००/- (पांच सौ रूपये) संबद्धता शुल्क प्रति तीन वर्ष में प्रदेश के चुनाव उपरांत देगी। स्थानीय जिला तथा प्रांती सभा का कर्तव्य होगा कि वे महासभा के उद्देश्यों, नियमों, निर्णयों तथा निर्देशों का पालन और प्रसार करेगी। वे सभी सभाएं महासभा की अभिन्न अंग होंगी और महासभा के हित के विरुध्द कार्य नहीं करेंगी।४

१०. स्थानीय जिला तथा प्रांतीय सभा का महासभा से संबंध- महासभा से संबध सभाएं महासभा के नियमों का उल्लंघन न करते हुए अपने व्यवहार के लिए अलग नियम बना सकती हैं। महासभा के महामंत्री के पास उक्त नियमावली की दो प्रतियां भेजकर महासभा द्वारा सबंद्धता प्रमाणपत्र प्राप्त करेगी।

११. अधिवेशन हेतु स्वागत समिति-

(क) उस स्थान में जहां महासभा अधिवेशन होना निश्चित हुआ है उसकी राज्य इकाई के संरक्षण में एक स्वागत समिति अधिवेशन की निश्चित तिथि से कम से कम तीन माह पूर्व बनाई जायेगी जिसका कर्तव्य महासभा के अधिवेशन तथा प्रतिनिधयों के सत्कार का प्रबंध करना होगा।

(ख) स्वागत समिति के सदस्य उसी राज्य के होगे जिस राज्य में महासभा का अधिवेशन होगा। समिति के सदस्यों में से ही समिति के पदाधिकारी चयनित होंगे।

(ग) स्वागत समिति को प्रतिनिधयों से फीस की रक्कम निश्चित करने और अधिवेशन हेतु विशेष चंदा एकत्रित करने का अधिकार होगा।

(घ) अधिवेशन के समाप्त होने के पश्चात दो माह के अंदर स्वागत समिति अधिवेशन की रिपोर्ट उसके आय व्यय के विवरण आदि प्रकाशित करायेगी और उसकी एक एक प्रति महासभा के अध्यक्ष और महामंत्री तथा केन्द्रीय कार्यालय के पास भेजेगी।

(च) अधिवेशन समाप्त होने पर जो धन खर्च करने के उपरांत और शेष राशि रहेगी उसमें से ४० प्रतिशत स्थानीय सभा, ३५ प्रतिशत प्रांतीय सभा का और २५ प्रतिशत महासभा को। अधिवेशन समाप्त होने के तीन माह के अंदर उनके कोष में जमा करायेगी।

(छ) स्वागत समिति अधिवेशन का आय-व्यय लेखा यदि अधिवेशन समाप्त होने के तीन महिने के अंदर महासभा के महामंत्री और अध्यक्ष एवं केन्द्रीय कार्यालय को नहीं भेजी तो प्रबंध समिति को अधिकार हागा कि वह जैसा उचित समझे उक्त हिसाब की जांच ओर शेष धन की वसूली के लिए कार्यवाही करे।

१२. महासभा के पदाधिकारियों के अधिकार व कर्तव्य:-

(१)अध्यक्ष:- महासभा के वर्तमान अधिवेशन से लेकर उसके अगले अधिवेशन के पूर्व तक महासभा के अध्यक्ष रहेंगे। महासभा के प्रबंध समिति एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सभापति होगें। किसी विषय में मतों की संख्या समान होने पर वह अपना निर्णायक मत देंगे। महासभा के कार्यो के संचालन का उत्तरदायित्व अध्यक्ष पर होगा जिसके लिए वह समय-समय पर आवश्यक निर्देश महामंत्री तथा अन्य पदाधिकारियों को देंगे।

(२) कार्यकारी अध्यक्ष:- महासभा के कार्य संचालन में अध्यक्ष को अपने कार्य क्षेत्र में यथोचित मदद करना ही सबका प्रमुख कार्य होगा। अध्यक्ष की अनुपस्थिती में अध्यक्ष द्वारा मनोनीत कार्यकारी अध्यक्ष और पैसा न होणे पर कर्यकारी अध्यक्षों में वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष महासभा का कार्य संचालन करेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष महासभा के अध्यक्ष के निर्देशानुसार अपना कार्य करेंगे तथा सहयोग करेंगे।

(३)उपाध्यक्ष:- राष्ट्रीय कार्यकारिणी कार्य समिति के दस उपाध्यक्ष अपने कार्य क्षेत्र में संबंधित कार्यकारी अध्यक्षों/ अध्यक्षों के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे।

(४) महामंत्री:- महासभा के कार्यो की देखरेख करना, महासभा की ओर से पत्र व्यवहार करना; महासभा संबंधित सभी कागज पत्रों का टपाल कर रखना, बैठकों की कार्यवाही रिपोर्ट तैयार करना। महासभा के सभी कार्यकर्ताओं की कार्यरत रखना, महासभा के आय-

व्यय का हिसाब कोषाध्यक्ष से समय समय पर लेना एवं महासभा के प्रस्तावों को कार्यरूप में परिणित करना महामंत्री का कार्य होगा। महामंत्री महासभा के कार्य के कार्य हेतु ५०० रूपये तक किसी एक समय में खर्च कर सकते हैं अधिक की आवश्यकता पर १००० रूपये तक अध्यक्ष की पूर्व स्वीकृति लेकर खर्च कर सकते है। रूपये १००० से अधिक खर्च के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की स्वीकृति लेना आवश्यक होगा।

(५) संगठन मंत्री:- अपने-अपने कार्यक्षेत्र में महासभा के विभिन्न शाखाओं का संगठन एवं एकीकरण करना और महासभा के उद्देश्यों, कार्यक्रमो, योजनाओं आदि का प्रचार प्रसार करना संगठन मंत्री के मुख्य कार्य होंगे। वह अध्यक्ष, महामंत्री और कार्यकारी अध्यक्षों का महासभा के कार्यो में सहयोग करेंगे।

(६) कोषाध्यक्ष:- महासभा के धन का राष्ट्रीयकारिणी समिति द्वारा निर्धारित बैंक में जमा करना और अध्यक्ष या महामंत्री के साथ संयुक्त रूप से बँक खाते का संचालन करन, अय-व्यय विवरण तैयार करना और अध्यक्ष/ महामंत्री को देना, कैशबुक रख-रखाव करना, और राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के समक्ष लेखा-जोखा प्रस्तुत करना कोषाध्यक्ष का कार्य होगा।

(७) लेखा परीक्षक:- समय समय पर आय-व्यय लेखा एवं कैशबुक का निरीक्षण करना तथा वर्ष में एकबार सम परीक्षा रिपोर्ट अध्यक्ष व महामंत्री को देना, जिसे कोषाध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगें.

१३. विशेष नियम- महासभा के सभी पदाधिकारी तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण उस समय तक पदासीन रहेंगे जबतक उनके स्थान पर नवनिर्वाचन नहीं हो जाता है।

१४. महासभा के प्रतिनिधि- १४ क, ख पूर्ववत ग में प्रतिनिधि शुल्क रूपये २५/- लिए जायेंगे।

१५. महासभा के पदाधिकारी एवं निर्वाचन- महासभा के कार्य संचालन हेतु निम्नलिखित पदाधिकारी होंगे।

(१)अध्यक्ष:- अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु कम से कम दो माह पुर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी एक निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति करेगी। निर्वाचन अधिकारी महामंत्री के सहयोग से संरक्षकों, आजीवन सदस्यों, प्रबंध समिति व राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की एक संयुक्त सूची तैयार करेंगे। इस सूची की एक प्रति केन्द्रीय कार्यालय में प्रकाशित की जायेगी। इस सूची के बारे में कोई आपत्ति सूची के प्रकाशन के तिथि से एक सप्ताह के अंदर ही अनुमान्य होगी। जिसकी सुनवाई का अधिकारी निर्वाचन अधिकारी को होगा। जो आपत्ति प्रति निर्धारित अंतिम तिथि से एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करेगा। मतदाता सूची के एक प्रति रूपये २५०/- के भुगतान पर निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त की जा सकेगी। इस मतदाता सूची के अनुसार राष्ट्रीय कार्यकारिणी के द्वारा निर्धारित स्थान पर चुनाव होंगे।

(२) कार्यकारी अध्यक्ष:- राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति महासभा के १० कार्यकारी अध्यक्षों का चयन करेगी। भारत को इस उद्देश्य से दस क्षेत्रों में विभाजित किया गया है।

१. साउथ जोन- तमिलनाडू, केरल, पाण्डिचेरी
२. साउथ सेन्ट्रल जोन- आंध्र प्रदेश, कर्नाटक
३. वेस्ट जोन- राजस्थान, गुजरात
४. वेस्ट साउथ जोन- महाराष्ट्र, गोवा
५. नार्थ जोन- पंजाब, हरियाण, कश्मीर
६. नाई ईस्ट जोन- आसाम, सिक्किम, अरूणाचल, मेघालय
७. नार्थ वेस्ट जोन- उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल
८. ईस्ट सेन्ट्रल जोन- बिहार, झारखण्ड
९. ईस्ट जोन- वेस्ट बंगाल, उडिसा
१०. सेन्ट्रल जोन- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, दिल्ली

प्रत्येक क्षेत्र में एक कार्यकारी अध्यक्ष होगा ।

(३) उपाध्यक्ष:- राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति १० उपाध्यक्ष का चयन करेगी। इसके अलावा प्रत्येक राज्य की सभा के अध्यक्ष महासभा के पदेन उपाध्यक्ष होंगे। वे राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य भी रहेंगे।

(४) महामंत्री:- महासभा के अध्यक्ष ही महामंत्री को

मनोनीत करेंगे ।

(५) मंत्री:- प्रांतीय सभाओं के महामंत्री, महासभा के पदेन मंत्री होंगे। १० जोन के लिए १० संयुक्त सचिव होगें।

(६) संगठन मंत्री:- कार्यकारी अध्यक्षों की भांति प्रत्येक क्षेत्र से एक संगठन मंत्री होगा। कुल १० संगठन मंत्रियों का चयन होगा।

(च) संगठन मंत्री- अपने अपने कार्यक्षेत्र में महासभा की विभिन्न शाखाओं का संगठन एक एकीकरण करना और महासभा के उद्देश्यों, कार्यक्रमों, योजनाओं आदि का प्रचार-प्रसार करना. संगठन मंत्री के मुख्य कार्य होंगे। वह अध्यक्ष, महामंत्री और कार्यकारी अध्यक्षों को महासभा के कार्यो में सहयोग करेंगे।

(छ) कोषाध्यक्ष- महासभा के धन का राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा निर्धारित बैंक में जमा करना और अध्यक्ष या महामंत्री के संयुक्त रूप से बँक खाते का संचालन करना। आय-व्यय विवरण को तैयार करना और अध्यक्ष, महामंत्री को देना। कैशबुक का रख-रखाव करना और राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के समक्ष लेखा-जोखा प्रस्तुत करना, कोषाध्यक्ष का कार्य होगा।

टिप्पणी- कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का कम से कम ५०१/- रूपये वार्षिक शुल्क देना आवश्यक होगा।

टिप्पणी २, ३, ४ पूर्ववत टिप्पणी के अनुसार।

५ (अ) कार्यालय मंत्री- अध्यक्ष, महामंत्री के परामर्श से कार्यालय के संचालन हेतु एक कार्यालय मंत्री के नियुक्ति वैतनिक अथवा अवैतनिक आधार पर कर सकते है।

१६.महासभा का वित्तीय वर्ष- महासभा का वित्तीय वर्ष प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल से प्रारंभ होकर ३१ मार्च को समाप्त होगा।

१७. शिक्षा के प्रचारार्थ- महासभा का कम से कम रूपये एक लाख का स्थायी कोष होगा। यह फंड किसी बैंक या बैंको में महासभा के नाम से जमा होगा। इस फंड का संचालन बैंक में अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष तीनों के संयुक्त हस्ताक्षरों से होगा। इसके ब्याज से स्वजातीय निर्धन मेधावी छात्रा, छात्राओं को सहायता व छात्रवृत्ति दी जायेगी। इसके मूलधन को किसी भी दशा में खर्च नहीं किया जायेगा

१८. महासभा अपने स्वजातीय लोगों में शिक्षा प्रसार एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए प्रशिक्षण हेतु विद्यालयों, महाविद्यालयों या किसी संस्था की स्थापना कर सकती है। इसके लिए अलग से ट्रस्ट या समिति बनायी जा सकती है।

१९. स्मृति पत्र में अंकित उद्देश्यों तथा नियमों में परिवर्तन/ संशोधन करने का अधिकार राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति को होगा परंतु उस परिवर्तन/ संशोधन की पुष्टि सामान्य सभा द्वारा होना आवश्यक है। प्रतिबंध यह रहेगा कि शिक्षा स्थायी फंड का समाप्त अथवा कम नहीं किया जा सकता है।

२०.न्यायालय संबंधी मुकदमों में जिसमें महासभा पक्षकार हो पैरवी महामंत्री द्वारा की जावेगी। यदि आवश्यकता प्रतित होती है तो अन्य किसी को भी प्रबंध समिति नियुक्त कर सकती है। महामंत्री अथवा अन्य पैरवी कर्ता का यह दायित्व होगी की वह समय-समय पर अध्यक्ष अथवा राष्ट्रीय कार्यकारी समिति को वादों की स्थिति का ब्यौरा देते रहेंगे। किसी मुकदमे का समाप्त करने संबंधी प्रार्थन प्रबंध समिति की पूर्व अनुमति के बिना नहीं की जा सकती है।

२१. महासभा की समस्त चल एवं अचल संपत्ति की पूर्ण स्वामित्व महासभा में निहित होगा। किसी भी सपत्ति के क्रय, बिक्रय के रेहन करने या उसके संबंध में कोई अनुबंध बिना राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के कुल सदस्यों की एक तिहाई बहुमत से निर्णय नहीं लिया जा सकता है। किसी संपत्ति का बिक्रय करने के निर्णय को अनुमोदन सामान्य सभा द्वारा प्राप्त करना जरूरी होगा।

२२.पत्रिका प्रकाशन- राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति महासभा के उद्देश्यों के प्रचार-प्रसार एवं पूर्ति हेतु महासभा के कार्यक्रमों एवं बैठकों का सुचारू रूप सें प्रसारित करने तथा क्रियान्वयन करने के लिए महासभा

समाचार पत्रिका प्रकाशित करेगी। इसके अतिरिक्त स्वजातीय महापुरूषों की जीवनी, इतिहास, समाज सुधार संबंधी एवं प्रेरणादायिक साहित्य का प्रकाशन करेगी। महासभा समाचार पत्रिका का शुल्क प्रबंध समिति निश्चित करेगी।

२३. राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति महासभा के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कार्यालय वाचनालय, पुस्तकालय आवास व्यवस्था, अतिथि गृह, शिक्षण एवं प्रशिक्षण आदि के लिए महासभा भवन या किसी महापुरूष के नाम पर भवन का निर्माण या क्रय कर सकती है।

२४. आय के श्रोतों एवं धनराशि का सदुपयोग-महासभा के उद्देश्यों की पूर्ति एवं तत्संबंधित कार्यों में किया जायेगा। इस प्रयोजन के लिए अतिरिक्त दान लिया जा सकता है। सभी स्वजातीय बंधुओं से महासभा कोष में यथाशक्ती आर्थिक सहयोग की अपेक्षा रहेगी। महासभा हेतु जो भी धन लिया जायेगा उसको विधिवत रसीद जारी की जायेगी और कोष में जमा किया जायेगा।

२५. संस्था की समाप्ति- स्मृति पत्र के उद्देश्यों से स्पष्ट है कि उसका विघटन कभी नहीं होगा। उद्देश्यों की पूर्ति के पश्चात यदि इसकी आवश्यकता नहीं समझी गयी तो इसका विघटन समिति पंजीयन नियम १८६० की धारा १३ व १४ के अनुसार किया जायेगा।

२६. संस्था के स्मृति पत्र में संशोधन समिति पंजीयन कानून १८६० की धारा १२ व १२ ए के अनुसार ही किया जायेगा।

२७. प्रतिवर्ष रजिस्ट्रार सोसाइटी के कार्यालय को संस्था के पदाधिकारियों की सूची पंजीयन कानून १८६० की धारा ४ के अनुसार भेजी जावेगी। यह उत्तरदायित्व अध्यक्ष एवं महामंत्री का होगां

२८. समिति पंजीयन कानून १८६० के समस्त प्रावधान इस संस्था पन लागू होंगे ।

प्रमाणित किया जाता है कि यह संस्था के नियमों तथा विनिमयों की सतप्रतिलिपि है।

जयदत्त क्षीरसागर (अध्यक्ष)

डॉ.प्रकाश सेठ (महासचिव)



अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के अतिरिक्त महामंत्री प्राचार्य डॉ.अरुणजी भस्मे का षष्ट्यब्दी पूर्ती हेतू होमियोपॅथी जगत की औरसे औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में १० अगस्त २०१४ को एक भव्य समारोह में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा तत्कालीन मंत्री आदरणीय श्री.जयदत्तजी क्षीरसागर तथा महाराष्ट्र के तत्कालीन उच्च तंत्र शिक्षण मंत्री श्री.राजेश टोपेजी के द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया ।

।। संघे शक्ति कलयुगे।। Reg. No. S17781

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा
(AKHIL BHARTIYA TAILIK SHAU MAHASABHA)

केन्द्रीय कार्यालय : फ्लेट नं. ए-29, दयानंद कालोनी, लाजपत नगर-4, नई दिल्ली-110021 (011) 26425501
Central Office : Flat No. A-29, Dayanand Colony, Lajpat Nagar-IV, New Delhi-110021 (011) 26425501
Sub. Office : Dr. Prakash Seth MX 33, E 7 Extn. Arera Colony, Bhopal-462016
website - www.tailiksahu.com

PRESIDENT
Jaydatta Kshirsagar
Cabinet Minister (Maharasta State)
Nagar Road Beed-431122(MS)
Beed - (02442) 222068 (O)
222910 (R)
Mumbai - (022) 22025250 (O)
TeleFax - 23646612/13 (R)

GENERAL SECRETARY
Dr. Prakash Seth
MX 33, E7 Extn. Arera Colony
Bhopal - 462016 (M.P.)
(0755) 2461312
09425010266
drpcseth@gmail.com

TREASERAR
Krishna Rao Hingenker
23/1, Sombari Quarter,
Nagpur-9
M.: 09226136833

Add. Gen. Secretary
Dr. Arun Bhasme
84, Chanakyapuri
Beed-431122 (MS)
(02442) 222594 (O) 222855 (R)
Fax (02442) 225601
09422241432
drarunbhasme@yahoo.com

WORKING PRESIDENT
A.C. Thanu
(0471) 2343302
(Tamilnadu, Kerala, Pondicheri)
Kriparam Sahu
09425214884
Batan Lal Sahu
09630301775
(M.P., CG, Delhi)
Akshay Kumar Sahu
09415180455
Ram Lal Gupta
09335231118
(Uttarpradesh, Utranchal)
Ramchandra Prasad
09431815533
HiraLal Sahu
09431879424
(Bihar, Jharkhand)
Bhagwan Das Arya
09339731250
Ravi Gorai
09474699390
Er. Nilmani Sahoo
09437631455
(Bengal, Orrissa)
T.C. Choudhary
09414115564
(Rajasthan, Gujrat)
Dharam Raj Revatker
(Maharastra, Goa)
09822474642
Brahmanand Gupta
09441248030
(Assam, Sikkim
Meghalya, Arunachal)
I/C Advocate Wing
Dr. Anand Kumar
09431048010
LADIES PRESIDENT
Mamta Sahu
09406126116
I/C DOCTOR'S WING
Dr. P.S. Soan
09424310100
I/C Youth wing
Ripusudan Sahu 09471115817
CHIEF EDITOR
Dr. H. Rankamb
09822415210

Q3 17.03.2015
No.:..... Date:.....

नोटिस बोर्ड, केन्द्रीय कार्यालय, ए–29, दयानंद कालोनी, लाजपत नगर–4, नई दिल्ली–110021

विषय– अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव की मतदाता सूची बावत।

महोदय,

दिनांक 19 फरवरी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक जो किशनगढ़ राजस्थान में आयोजित थी, में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव दिनांक 17 मई दिन रविवार को कराया जावे, निर्णय लिया गया था। मारगॉव, गोवा में 17 मई दिन रविवार को चुनाव आयोजित किए जा रहे हैं। इस चुनाव में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी/सदस्य एवं इस संगठन के सभी आजीवन सदस्य मतदाता होंगे। मतदाता सूची नोटिस बोर्ड पर लगाई जाकर केन्द्रीय कार्यालय में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। सात दिवस के भीतर जो भी आपत्ति हो उसे मुख्य चुनाव अधिकारी के पते पर भेजा जा सकता है। सात दिवस के बाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं इस मतदाता सूची के आधार पर चुनाव कराये जायेंगे।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार आप आजीवन सदस्य/राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी/सदस्य हैं। कृपया अपना शासकीय परिचय पत्र या राष्ट्रीय संगठन के द्वारा दिया गया परिचय पत्र अवश्य साथ चुनाव स्थल पर लेकर आएं। आप सादर आमंत्रित हैं।

1. कार्यक्रम स्थल – Metropole Hall, Padre Miranda Road, Margao-403601 (Goa)
2. राष्ट्रीय अध्यक्ष का नामांकन दिनांक 17 मई को सुबह 10 बजे तक मुख्य चुनाव अधिकारी को प्रस्तुत करें।
3. राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक– 10.30 बजे से 11.30 बजे तक
4. राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अगर एक से अधिक हैं तो नाम वापिस लेने का समय 11.30 बजे से 12.15 बजे तक होगा।
5. राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव– 12.15 बजे से 1 बजे तक (अगर एक ही उम्मीदवार है तो मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा नामांकन की घोषणा एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदन, अगर एक से ज्यादा उम्मीदवार हैं तो चुनाव)
6. सामान्य सभा की बैठक– 1 बजे से 2 बजे तक (राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद का अनुमोदन)
7. स्नेह भोज– 2 बजे से 3 बजे तक उपरोक्त चुनाव के अधिकारी निम्नलिखित होंगे–
